

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 08 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-132 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 09 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







# नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करेगा छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री साय

## राज्य शासन, आईआईएम, एनआईटी और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू

**रायपुर, 8 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हुई। मुख्यमंत्री साय आज राजधानी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के मध्य हुए त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर के साक्षी बने। इस समझौते के अंतर्गत स्थापित होने वाले उद्यमिता केंद्र का निर्माण वर्ष 2025-26 में प्रारंभ होगा तथा इसे वर्ष 2027-28 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि आज हस्ताक्षरित एमओयू से "छत्तीसगढ़ अंजोर विजन" को साकार करने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। इस साझेदारी से प्रदेश में गांव-गांव तक शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार की क्रांति पहुंचेगी, जो युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस त्रिपक्षीय समझौते के तहत "श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल नवाचार एवं उद्यमिता उत्कृष्टता केंद्र" की स्थापना की जाएगी, जो युवाओं को शोध, प्रयोग और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह उत्कृष्टता केंद्र केवल आईआईएम या एनआईटी के विद्यार्थियों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-गांव के युवाओं को भी लाभान्वित करे। मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से भी इस शिक्षा और कौशल विकास के आंदोलन से जुड़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ अब कोर सेक्टर के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फार्मा, डिफेंस, एयरोस्पेस और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में तेज़ी से अग्रसर हो रहा है। बीते 20 महीनों में किए गए साढ़े तीन सौ से अधिक सुधारों के परिणामस्वरूप राज्य में निवेश का अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है और केवल आठ माह में 6.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हम सभी यह संकल्प लें कि छत्तीसगढ़ को संसाधन-आधारित नहीं, बल्कि



नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने वाला राज्य बनाएंगे – जहाँ युवा बदलाव के वाहक बनें और उद्यमिता से समाज को दिशा दें।

**किसानों के लिए बनेगा देश का सबसे बड़ा प्रशिक्षण केंद्र**-मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन रामदेव अग्रवाल ने कार्यक्रम में रायपुर में किसानों हेतु देश का सबसे बड़ा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक अत्यंत समृद्ध प्रदेश है, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। उनका फाउंडेशन इस विकास यात्रा में पूर्णतः समर्पित है। अग्रवाल ने बताया कि फाउंडेशन ने अपनी कुल निधि का 10 प्रतिशत समाज कल्याण के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है, जिसका उपयोग शिक्षा, कौशल और कृषि से संबंधित कार्यों में किया जाएगा।

**मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन का 172 करोड़ रुपये का योगदान**-मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन ने आईआईएम रायपुर एवं एनआईटी रायपुर को कुल 172 करोड़ रुपये का दान देने की घोषणा की है। इसमें से 101 करोड़ रुपये आईआईएम रायपुर को तथा 71 करोड़ रुपये एनआईटी रायपुर को प्रदान किए जाएंगे। इस दानराशि से आईआईएम रायपुर में "ओसवाल छात्रावास" के 202 कमरे और "दाऊ राम गोपाल अग्रवाल नॉलेज सेंटर" की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्त अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की शीर्ष संस्थाओं के सहयोग से छह अंतरराष्ट्रीय एमबीए कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे इसी प्रकार, एनआईटी रायपुर में "श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" की स्थापना की जाएगी, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन और क्लीन एनर्जी जैसे डीप-टेक क्षेत्रों पर कार्य करेगा। यह केंद्र वर्ष 2030 तक 10,000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देगा, 250 से अधिक स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट करेगा और 5,000 से अधिक कुशल नौकरियों का सृजन करेगा। यह पहल छत्तीसगढ़ की औद्योगिक आवश्यकताओं – विशेषकर खनन, इस्पात और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों – के अनुरूप विकसित की गई है, और यह स्थानीय उद्योगों के साथ मिलकर वास्तविक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित रहेगी।

## संक्षेप

### शोएब ढेबर के खिलाफ गैर जमानती धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज

**रायपुर,8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर के खिलाफ भी पुलिस ने कई गैर जमानती धाराओं के साथ अपराध पंजीबद्ध कर दिया है. शोएब रायपुर के पूर्व मेयर ऐजाज ढेबर का भतीजा है. उसने बीते दिन केंद्रीय जेल परिसर में जेल प्रहरी से गाली-गलौच की और राजनीतिक धौंस जमाते हुए अपने पिता अनवर से मिलने पहुंचा था. जेल प्रहरी से दुर्व्यवहार करने के बाद जेल अधीक्षक ने शोएब ढेबर के जेल के अंदर मुलाकात कक्ष में जाने पर प्रतिबंध लगा दिया. वहीं दूसरे दिन आज शोएब पर शासकीय कार्य में बाधा, मारपीट, गाली गलौज करने के लिए BNS की धारा 221, 296, 329 के तहत गंज पुलिस थाने में FIR भी दर्ज कर दी गई है.

### कार खाई में गिरी 6 लोगों की मौत

**शिमला,8 अगस्त।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के तीसा क्षेत्र में गुरुवार रात कार 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दो पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में गुरुवार (7 अगस्त 2025) देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। तीसा इलाके के चनवास-शाहवा मार्ग पर एक कार करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो पुरुष, दो महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसा भंजराडू से चनवास की ओर जा रही कार के अनियंत्रित होने के कारण हुआ। आशंका जताई जा रही है कि सड़क पर फिसलन या वाहन की तकनीकी खराबी इसकी वजह हो सकती है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस व प्रशासन को खबर दी। रेस्क्यू टीम ने पहुंचकर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। फिलहाल, मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। प्रशासन ने लोगों से पहाड़ी रास्तों पर ड्राइविंग के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

### ईडी पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली,8 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्यप्रणाली और धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के तहत कम दोषसिद्धि दर पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत की दो अलग-अलग पीठों ने ईडी को चेतावनी दी है। कहा, आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते। कानून के दायरे में रहकर ही कार्रवाई करनी होगी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (BPSL) मामले में सुनवाई करते हुए पूछा-पीएमएलए के तहत इतनी व्यापक शक्तियां होने के बावजूद आपकी दोषसिद्धि दर इतनी कम क्यों है? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इसके लिए आपराधिक न्याय प्रणाली में देरी और प्रक्रियात्मक खामियों को जिम्मेदार ठहराया। कहा, ईडी ने अब तक ₹23,000 करोड़ की बरामदगी कर पीड़ितों को लौटाया है।

# सहेली ज्वेलर्स और आईपीएस अभिषेक पल्लव के आवास पर सीबीआई का छापा

**भिलाई,8 अगस्त।** सीबीआई की संयुक्त टीम ने शहर के प्रतिष्ठित सहेली ज्वेलर्स और आईपीएस अफसर डॉ अभिषेक पल्लव के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है बताया जा रहा है कि सीबीआई के अफसर सुबह से ही दोनों ठिकानों पर दस्तावेज खंगाल रहे है सीबीआई की ये कार्रवाई शराब और महादेव एप घोटाले की जांच से जुड़े होने की जानकारी सामने आ रही है जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलरी शॉप में शामिल सहेली ज्वेलर्स के ठिकानों पर सुबह-सुबह छापामार कार्रवाई की गयी। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई है अधिकारियों की टीम ज्वेलर्स के संचालक से पूछताछ करने के साथ ही महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर रही है। वहीं दुर्ग में एसपी रहे आईपीएस अधिकारी अभिषेक पल्लव के भिलाई स्थित आवास पर भी महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े मामले में जांच किये जाने की सूचना है आपको बता दे दुर्ग में पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद ईडी की यह कार्रवाई एक बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है इस से पहले भी महादेव बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग और बिना जीएसटी के सोने की खरीद के मामलों में मोक्षित कॉरपोरेशन सराफा कारोबारी और आईपीएस को नोटिस देकर संभवत लौट गई है एजेंसी।

# ऐमजॉन, वॉलमार्ट जैसी कंपनियों ने रोका भारत से कारोबार

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ का असर दिखने लगा है। एक झटके में ही अमेरिका की कई दिग्गज कंपनियों ने भारत से सामानों का आयात फिलहाल रोक लिया है। इसका पहला असर कपड़ा उद्योग पर दिखा है। दुनिया भर में किफायती दामों पर कपड़ों की सेल के लिए मशहूर भारतीय कंपनी पर्ल ग्लोबल का कहना है कि ऐमजॉन, वॉलमार्ट जैसी कंपनियों ने उसके साथ डील को रोक दिया है। पर्ल ग्लोबल की ओर से Gap और Kohl's जैसे नामी ब्रांड्स के लिए कपड़े तैयार किए जाते हैं। कंपनी का कहना है कि उनके पास आधी रात को (अमेरिकी समयानुसार सुबह) ही कॉल आए कि माल सप्लाई फिलहाल रोक दी जाए। कुछ कंपनियों ने ईमेल करके अपने फैसले की जानकारी दी है। अमेरिकी खरीददारों का साफ कहना है कि बढ़े हुए टैरिफ को माल की कीमत में एडजस्ट किया जाए वरना वे सप्लाई नहीं लेंगे। इसकी वजह यह है कि बढ़े हुए टैरिफ को जोड़ने के बाद भारत से खरीदे सामान की कीमत अमेरिका में कहीं अधिक हो जाएगी। ऐसे में उनकी बिक्री की संभावना कम होगी। इसलिए कंपनियां फिलहाल भारतीय सामान के आयात से बच रही हैं।



पर्ल ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर पल्लब बनर्जी का कहना है कि हमारे पास कस्टमर कॉल कर रहे हैं। उनका कहना है कि हम भारत की बजाय दूसरे देशों में अपना बेस शिफ्ट करें।

रॉयटर्स से बाचतीत में बनर्जी ने कहा कि हमने अमेरिकी साझीदारों से कहा है कि हमें कुछ वक्त दिया जाए। हम बांग्लादेश, इंडोनेशिया, वियतनाम और ग्वातेमाला आदि में अपनी फैक्ट्रियां शिफ्ट करने पर विचार करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इन देशों पर अमेरिका की ओर से लगाया गया टैरिफ काफी कम है। दरअसल अप्रैल से अब तक बाजी पूरी तरह से पलट चुकी है। तब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने बांग्लादेश, वियतनाम और चीन के मुकाबले भारत पर कम टैरिफ लगाया था। तब भारतीय इंडस्ट्री को फायदे की उम्मीद थी और कहा जा रहा था कि भारतीय माल कम दाम पर बिकेगा तो अमेरिका में डिमांड बढ़ेगी। लेकिन अब तस्वीर पलट गई है। भारत पर अमेरिका ने 50 फीसदी तक टैरिफ लगा दिया है, जबकि बांग्लादेश और वियतनाम पर 20 पर्सेंट ही है। चीन पर 30 पर्सेंट ही टैक्स लग रहा है। पर्ल इंडिया का आधा कारोबार अमेरिका से ही आता है। बनर्जी का कहना है कि कुछ ग्राहक कह रहे हैं कि वे भारत से सामान लेते रहेंगे, लेकिन बढ़ा हुआ टैरिफ कंपनी को ही एडजस्ट करना होगा। लेकिन ऐसा कर पाना संभव ही नहीं है।

# साइन करें या फिर माफी मांगे राहुल गांधी-चुनाव आयोग

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव आयोग पर लगातार वोटर लिस्ट में धांधली के आरोप लगा रहे हैं। ताजा मामला कर्नाटक का है, जहां राहुल गांधी ने एक लाख वोट काटे जाने का आरोप लगाया और कहा कि वोटों की चोरी हुई है। इस मामले में आयोग ने उन्हें एक शपथ पत्र भेजा था और कहा था कि वह इस पर साइन करें कि जो बोल रहे हैं, वह सही है। यदि वह गलत पाया गया तो आपके खिलाफ कानूनी ऐक्शन लिया जाए। अब तक इस एफिडेविट को लेकर राहुल गांधी या कांग्रेस से जवाब नहीं आया है। इस बीच चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को फिर से चुनौती दी है कि वे कागज पर साइन करें या फिर देश से माफी मांग लें। चुनाव आयोग का कहना है कि यदि राहुल गांधी को लगता है कि उनका विश्लेषण ठीक है और हमारे ऊपर लगाए गए आरोप सही हैं तो फिर उन्हें घोषणा पत्र पर शामिल करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

यदि राहुल गांधी पेपर पर साइन नहीं करते हैं तो इसका मतलब हुआ कि वह अपनी ही बात पर यकीन नहीं रखते। उन्हें नहीं लगता है कि उनका विश्लेषण सही है। इससे स्पष्ट होता है कि उनके दावे फर्जी हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें फर्जी आरोप लगाने और चुनाव व्यवस्था में लोगों का भरोसा कम करने के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

इस तरह चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को दो विकल्प दिए हैं कि या तो वे पेपर पर साइन करें या फिर देश से माफी मांग लें। हालांकि राहुल गांधी के तेवर अब भी बरकरार हैं। बेंगलुरु में इस मामले को लेकर ही कांग्रेस की ओर से रैली हो रही है, जिसमें वह पहुंचे हैं। इसके अलावा उन्होंने चुनाव आयोग पर फिर से आरोप लगाते हुए कहा कि वक्त बदलने पर सजा मिलेगी। कांग्रेस लीडर ने बिहार में चल रहे मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग गरीबों के वोटों को लूटने के लिए भाजपा के साथ खुलेआम सांठगांठ कर रहा है। राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी एक वीडियो में आरोप लगाया कि बिहार में एसआईआर इसलिए लाया गया क्योंकि निर्वाचन आयोग जानता है कि 'हमने उनकी चोरी पकड़ ली है।' गांधी ने कांग्रेस की जांच का हवाला देते हुए वीडियो में अपने आरोपों को दोहराया कि कर्नाटक की बेंगलुरु मध्य लोकसभा सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 'पांच प्रकार की हेराफेरी' के माध्यम से एक लाख से अधिक वोट 'चुराए' गए। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 वोट चुराए गए। गांधी ने कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि भारत में ऐसी 100 से अधिक सीट हैं।

# सीतामढ़ी में शाह-नीतीश ने किया माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन

**पटना,8 अगस्त।** गृहमंत्री अमित शाह और नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। मूसलाधार बारिश के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने मंदिर की पहली ईंट रखी। मंदिर को नेपाल के फूलों से सजाया गया है। भूमिपूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल मंगवाया गया था। अयोध्या के हनुमान गढ़ी से ईंट भी पहुंची थी। 50 एकड़ में 882 करोड़



की लागत से मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा। पूरे मंदिर का निर्माण खास किस्म के सैंड स्टोन (बलुआ पत्थर) से होगा। ये पत्थर राजस्थान से मंगवाए जा रहे हैं।

# उत्तरकाशी त्रासदी: अब तक 357 लोगों को बचाया गया

**नैनीताल,8 अगस्त।** धराली (उत्तरकाशी) में आई आपदा के बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिछले तीन दिनों से लगातार मोर्चा संभाले हुए हैं। वह ग्राउंड जीरो पर मौजूद रहकर बचाव अभियान की हर गतिविधि पर नज़र रख रहे हैं, राहत टीमों तक पहुँचकर दिशा-निर्देश दे रहे हैं और प्रभावित परिवारों को भरोसा दिला रहे हैं कि सरकार उनके साथ है। साथ ही, उनका ध्यान राज्य के विकास कार्यों पर भी है। इसी दृढ़ संकल्प के तहत, आज उत्तरकाशी से ही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। आज मुख्यमंत्री ने डीजी आईटीबीपी, डीजी एनडीआरएफ और डीजीपी उत्तराखंड पुलिस के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसमें बचाव अभियान की प्रगति, जमीनी चुनौतियों और आपसी समन्वय को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों तक शीघ्र पहुँच सुनिश्चित करने, फंसे हुए लोगों को शीघ्र निकालने, दुर्गम क्षेत्रों में राहत दलों की पर्याप्त तैनाती, हेलीकाप्टर लिफ्टिंग कार्यों में तेजी लाने और आवश्यक संसाधनों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संचार, बिजली और सड़क संपर्क की शीघ्र बहाली और राहत सामग्री की निर्बाध आपूर्ति पर भी विशेष बल दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति तक सहायता पहुँचने में कोई देरी न हो और प्रशासनिक मशीनरी पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ



और नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर, ऑपरेशन धराली के तहत उत्तराखंड के बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित धराली और हरसिल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बचाव और राहत कार्य जारी रखे हुए है। बयान के अनुसार, व्यापक भूस्खलन के कारण धराली पूरी तरह से कटा हुआ है। हालाँकि, लिमचीगाड तक सड़क साफ़ करने का काम आगे बढ़ा है, जहाँ बेली ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है और शुक्रवार शाम तक पूरा होने की उम्मीद है। मौसम की स्थिति के संदर्भ में, मातली और हरसिल में आसमान साफ़ रहा, जिससे बचाव कार्यों में मदद मिली। हालाँकि, देहरादून में कम दृश्यता और बारिश के कारण कुछ नियोजित हवाई उड़ानों में अस्थायी रूप से देरी हुई है।भारतीय सेना ने एक बयान में कहा, "अब तक कुल 357 नागरिकों को बचाया जा चुका है, जिनमें से 119 को हवाई मार्ग से देहरादून पहुँचाया गया है। ज़मीनी स्तर पर बचाव दलों में भारतीय सेना की टुकड़ियाँ, लड़ाकू इंजीनियर, चिकित्सा इकाइयाँ और विशेष खोज एवं बचाव (SAR) श्वान दस्ते शामिल हैं। NDRF ने 105 कर्मियों को तैनात किया है, जो SDRF और ITBP की टीमों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिनमें हरसिल और धराली में तैनात चिकित्सा अधिकारी भी शामिल हैं।" सेना के डॉक्टर, नर्सिंग सहायक और लड़ाकू चिकित्सक बचाए गए नागरिकों को पारगमन स्थलों पर उपचार प्रदान कर रहे हैं। निकाले गए लोगों में 13 सैन्यकर्मी शामिल हैं, जबकि 14 राजपूताना राइफल्स के आठ सैनिक अभी भी लापता हैं। नागरिक प्रशासन ने बताया है कि लगभग 100 नागरिक अभी भी लापता हैं, और दो नागरिकों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

### हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या

**नई दिल्ली,8 अगस्त।** दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से सनसनीखेज मामला सामने आया है। कथित रूप से पार्किंग विवाद के कारण बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की हत्या हो गई। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि हत्या की वारदात गुरुवार रात करीब 11 बजे निजामुद्दीन के जंगपुरा भोगल लेन में हुई। पुलिस ने बताया कि स्कूटी पार्किंग को लेकर विवाद शुरू हुआ था, जो बड़ी वारदात में बदल गया। इस मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर

### पुलिस ने 42 लोगों पर कार्रवाई की



**दुर्ग, 8 अगस्त।** दुर्ग जिले में अपराध नियत्रंण के लिए दुर्ग पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सुबह 5 बजे से एक्शन मोड में आकर चाकूबाजी और गांजा एवं नशीली पदार्थ में अवैध रूप से संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में 8 आर्म्स एक्ट, 6 आबकारी, 2 एनडीपीएस व 42 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर दुर्ग जिले में अपराध के रोकथाम के लिए चाकूबाजी करने वालों एवं ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत नशीले पदार्थ के विक्रय में अवैध रूप से संलिप्त लोगों के विरूद्ध एसीसीयू एवं थानों के माध्यम से अभियान चलाकर गुरुवार को एक विशेष अभयान चलाया। इस अभियान के दौरान थाना सुपेला में 2 (सांमत रामटेके, राहुल चौरसिया), थाना दुर्ग में 01 (राजसारथी), थाना मोहन नगर में 02 (राहुल गाड़ा एवं करण कन्नौजे), थाना उतई में 03 (अमित यादव, आकाश सिंह एवं शिवानी गिरी) के विरूद्ध आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की। वहीं अभियान के दौरान थाना सुपेला में 3 (मनन्दिर सिंह, पूरन चौहान एवं विजय महतो), थाना भिलाई नगर में 3 (राजेन्द्र, जयप्रकाश एवं सन्नी जैन) के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत और थाना उतई में 2 व्यक्ति (भोजा बाई एवं अजय कुमार) अभियान के दौरान मादक पदार्थ कब्जे में पाये जाने से एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अयोध्या श्रीराम लला दर्शन के लिए रवाना हुए निगम से 8 यात्री



**भिलाई, 8 अगस्त।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के निर्माण के बाद केंद्र शासन की कल्याणकारी योजना श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई थी जिसके तहत विभिन्न स्थानों से सभी प्रदेशों से सीधे अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है जिसके तहत वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या धाम में श्री राम लला के दर्शन करवाए जा रहे हैं। इसी योजना के तहत राजनांदगांव से चलकर सीधे अयोध्या जाने वाली विशेष ट्रेन बुधवार को दुर्ग स्टेशन पहुंची। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं समाज कल्याण विभाग अधिकारी शरद दुबे के नेतृत्व में भिलाई नगर निगम से 8 दर्शनार्थी डाली ताम्रकार, छगन लाल साहू, अनीता साहू, नरेन्द्र कुमार, हेमंत साहू, संगीता साहू, मनटोरा बाई एवं सुरेश चंद सवार हुए 7 इस ट्रेन को दुर्ग रेलवे स्टेशन से आगे रवाना करने के लिए दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाई और ट्रेन को अयोध्या के लिए रवाना किया।

### सिंहदेव के घर चोरी करने वाले गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से एक राहत भरी खबर सामने आई है। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव के घर से हुई हाथी की मूर्ति चोरी मामले में पुलिस को सफलता मिली है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तार किया गया है।जानकारी के मुताबिक, चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो चोर शहर के अयान मार्ग के रहने वाले हैं। हाथी की मूर्ति खरीदने वाले की भी गिरफ्तारी जल्द हो सकती है। चोरी हुए हाथी की मूर्ति का टुकड़ों में हिस्सा मिला है। उल्लेखनीय है कि, 3 अगस्त की दरमियानी रात पूर्व डिप्टी सीएम टी एस सिंहदेव के कोठी घर से चोरों ने हाथी की 15 किलो वजनी मूर्ति की चोरी की थी। शहर सहित प्रदेश में भी चर्चा का विषय बना गया था। सरगुजा पुलिस शुक्रवार को कोई नया खुलासा कर सकती है।

### महिलाओं को राशन कार्ड वितरित

**अंवरी।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विधायक अजय चंद्राकर के मंशा के अनुरूप खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत अन्नपूर्णा योजना एवं विभिन्न प्रकार के राशनकार्डधारियों को विशेष राशनकार्ड जारी किया गया है।

अंत्योदय राशनकार्ड में हितग्राहियों को 10 किलो चावल निःशुल्क तथा 25 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह प्राप्त करने की पात्रता है।इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन , उपाध्यक्ष विष्णु साहू ,पार्षद गण छबी लाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेस्वरी चंदेल, मेघनाथ साहू, परदेशी कँवर, अविनाश गौर, झम्मन साहू, भानुप्रताप गायकवाड़, चांदनी साहू, अंजू दीनानाथ साहू,भूपेंद्र यादव, खेमलता जीतेन्द्र साहू, दुमेन्द्र गैंगबेल, गौतमी पटेल आदि पार्षद गण एवं कर्मचारी चोवा ढीढी सहित हितग्राही महिलाएँ उपस्थित रहे।इसके अंतर्गत निम्नलिखित हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। हितग्राहियों सबके चेहरे पर राशन कार्ड पाकर मुस्कान फैल गई।

### खुर्सीपार रेलवे फाटक मरम्मत के लिये सड़क यातायात रहेगा बंद

**भिलाई, 8 अगस्त।** खुर्सीपार रेलवे समपार फाटक मध्य अप लाइन में 8 से 13 अगस्त को सुबह 8 बजे तक बंद रहने की संभावना है। आवश्यक मरम्मत कार्य के कारण समपार फाटक से वाहनों का आवागमन बंद रहेगा ।

# विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 31 लाख 51 हजार के कार्य स्वीकृत

**भिलाई, 8 अगस्त।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव पर विधानसभा के अंबेडकर नगर वार्ड में नाली, सीसी रोड और फुटपाथ निर्माण के लिए राज्य शासन ने 1 करोड़ 31 लाख 51 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। लंबे समय से सड़क, नाली और फुटपाथ की इस मांग पर मुहर लगने से बहुत जल्द वार्ड की स्ट्रीट सीसी रोड और फुटपाथ से सुसज्जित हो जाएगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से वैशाली नगर विधानसभा के भिलाई निगम जोन-2 अंतर्गत वार्ड-15 अम्बेडकर नगर में सड़क 1 से 9 तक बैंक लाईन में आरसीसी नाली निर्माण कार्य के लिए 81 लाख 96 हजार तथा अम्बेडकर नगर में सड़क-2 एवं सेंट जॉन स्कूल के आसपास सीसी रोड, नाली एवं फुटपाथ निर्माण कार्य के लिए 49 लाख 55 हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं। उन्होंने 131 लाख 51 हजार की इस स्वीकृति के लिए उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताते हुए कहा कि ये दोनों विकास कार्य अंबेडकर नगर के लिए अत्यंत आवश्यक थे तथा यह स्वीकृति क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी राहत के रूप में सामने आई है।



# कोर्ट परिसर में ई-रिक्शा चालक का शव मिला

**दुर्ग, 8 अगस्त।** दुर्ग कोर्ट परिसर में उस समय सनसनी फैल गई जब ई-रिक्शा चालक का शव फंदे से लटका मिला। बताया जा रहा है कि उसने खुदकुशी की है युवक की शिनाख्त ( 45 साल )के युवराज सार्वा के रूप में हुई है युवराज आपपुरा वार्ड - 31 का निवासी था और सिटी कोतवाली के पीछे रहता था 3 बेटियां पहलवानी में चैंपियन मृतक तीन बेटियों के पिता थे, जिनमें से सभी पहलवानी में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की चैंपियन रह चुकी हैं मौके पर पहुंची पुलिस जांच जारी.शव मिलने की सूचना मिलते ही दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को मर्चुरी भेजा गया पुलिस ने कहा है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है और मृतक के परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की



जाएगी मौके पर पहुंची पुलिस जांच जारी शव मिलने की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को मर्चुरी भेजा गया पुलिस ने कहा है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है और मृतक के परिवार और आसपास के लोगों से पूछताछ की जाएगी कारण अभी स्पष्ट नहीं जांच में सामने आएंगे तथ्य अब तक कोई सुसाइड नोट या अन्य सुराग सामने नहीं आए हैं दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है ताकि यह पता चल सके कि आखिर यह दुखद घटना किन परिस्थितियों में हुई कुछ दिन पहले धमतरी के कलेक्ट्रेट भवन में आवास की मांग को लेकर एक युवक ने जान देने की कोशिश की थी 21 जुलाई को ग्राम डोमा से पहुंचे एक व्यक्ति ने कलेक्ट्रेट भवन के गेट के पास ही खुद पर पेट्रोल डाल दिया हालांकि फौरन वहां मौजूद सैनिकों ने उसे पकड़कर बचा लिया दुर्ग शहर के व्यस्ततम कोर्ट परिसर में हुई यह घटना कई सवाल खड़े करती है एक मेहनतकश ई-रिक्शा चालक का इस तरह जाना उसके परिवार के लिए गहरा आघात है फिलहाल पुलिस को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है साथ ही बाकी जांच भी जारी है

# सेक्टर-9 हॉस्पिटल ने किया विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन

**भिलाई, 8 अगस्त।** जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 के शिशु रोग विभाग द्वारा 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन स्तनपान को प्राथमिकता दें - टिकाऊ समर्थन प्रणाली बनाएं थीम के साथ किया गया। उद्घाटन समारोह दीप प्रज्वलन और पोस्टर प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ, जिसमें कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रवींद्रनाथ द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तथा सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की उपस्थिति रही। इसके पश्चात शिशु रोग विभाग के निवासियों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक नाट्य प्रस्तुति एवं स्तनपान नीति से लाभान्वित माता-पिता द्वारा अनुभव साझा किए गए। राजहरा माइंस अस्पताल में भी इसी दिवस से विश्व स्तनपान सप्ताह का आरंभ किया गया, जहाँ उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.



कौशिक किशोर द्वारा एक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष शिशु रोग डॉ. संबिता पांडा एवं वरिष्ठ सलाहकार डॉ. शुभस्मिता पटनायक द्वारा स्तनपान से संबंधित मिथकों के खंडन एवं उसे निरंतर जारी रखने के सतत उपायों पर व्याख्यान दिया गया। सप्ताह भर की सभी गतिविधियां अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संबिता पांडा के नेतृत्व में तथा कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रवींद्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारीगण डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. सौरभ मुखर्जी एवं डॉ. उदय कुमार के मार्गदर्शन एवं समर्थन से सम्पन्न हुईं।

# हिरोशिमा दिवस पर जन संघर्ष मोर्चा ने आयोजित की नुक्कड़ सभा

**भिलाई, 8 अगस्त।** जन संघर्ष मोर्चा एवं अन्य जन संगठनों द्वारा हिरोशिमा दिवस के अवसर पर सिविक सेंटर परिवार चौक पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देश की गंगा-जमुनी तहज़ीब और साझी विरासत की परंपरा को ऊंचा उठाने की बात की गई । नुक्कड़ सभा का संचालन भाकपा माले रेड स्टार के राज्य सचिव कामरेड सौरा ने किया। अध्यक्षता जन संघर्ष मोर्चा छत्तीसगढ़ संयोजक कॉमरेड प्रसाद राव ने किया। प्रमुख वक्ताओं में क्रांतिकारी सांस्कृतिक मंच और जाति उन्मूलन आंदोलन के संयोजक कॉमरेड तुहिन, पीयूसीएल के राज्य सचिव



कामरेड कला दास, जन संघर्ष मोर्चा के संयोजक मंडल सदस्य एडवोकेट शाकिर कुरैशी, ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम की संयोजक सविता बौद्ध, आम आदमी पार्टी संयोजक के ज्योति, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य कॉमरेड विनोद सोनी, कॉमरेड सुरेन्द्र महंती, अखिल भारतीय क्रांतिकारी विद्यार्थी संगठन के पुरुषोत्तम, आप से अखिलेश गायकवाड़, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति से नीरा डहरिया व महेश, टीयूसीआई से कॉमरेड आर एन यादव, पास्टर चोआराम, रुस्तम मलिक और बिशप पॉल सोमनाथन ने अपनी बात रखी।

# महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**भिलाई, 8 अगस्त।** नगर निगम महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में नगर निगम की महती योजना गोकुल नगर में निकलने वाले गोबर से बायोगैस प्लांट स्थापित किए जाने सहित परिषद ने अन्य प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। महापौर परिषद के सदस्यों के समक्ष 19 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से बायो गैस प्लांट की स्थापना, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया दर निर्धारण, निजी भवन/भूमियो के शुल्क में वृद्धि, वाटर एटीएम, सक्शन कम जेटिंग मशीन का किराया निर्धारण, जवाहर मार्केट



का उन्नयन एवं विकास, जलकर, अभिमत प्रदाय, श्रमिक प्रदाय, पाइप लाइन एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रस्ताव शामिल है। भिलाई निगम अंतर्गत गोकुल नगर में बायो गैस प्लांट की स्थापना, हाइड्रोलिक एलिवेटर का किराया दर निर्धारण एवं निजी भवनों/भूमियों के स्वत्वाधिकार के अंतरण के शुल्क में वृद्धि हेतु महापौर परिषद के सदस्यों से अपनी सहमति प्रदान की। वार्ड क्रं. 59 सेक्टर 05 सड़क 03 स्थित वाटर एटीएम की स्थानांतरण, सक्शन कम जेटिंग मशीन 9000 लीटर का किराया निर्धारण एवं जवाहर मार्केट का उन्नयन एवं विकास कार्य को मंजूरी दी गई। जलकर विषयक संशोधन, अभिमत/आपत्ति/अनापत्ति प्रदान करने जॉच प्रतिवेदन, निगम के जलकार्य विभाग में कुशल, अर्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने एवं 2.72 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से क्लीयर वाटर प्रदाय हेतु संपवेल, पम्प हाउस एवं राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने के कार्य को महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। 15वें वित्त आयोग ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के एसडीपी से मिलान कर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने एवं अन्य 3 एजेण्डा पर सदस्यों की सहमति मिली।



### विश्व आदिवासी दिवस के लिए विद्यार्थी ने बनाई नयनाभिराम पेंटिंग

**भिलाई, 8 अगस्त।** विश्व आदिवासी दिवस के लिए प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने नयनाभिराम पेंटिंग का निर्माण किया है। विद्यार्थी जो कि स्वयं आदिवासी समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं उन्होंने अपनी कला में निरंतर सामाजिक परम्परा का चित्रण किया है।

# मंत्रालय में बाबू होने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार




**महासमुंद।** मंत्रालय में बाबू होने का झांसा देकर 30.94 लाख रुपए की ठगी करने वाले फरार आरोपी को स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने महासमुंद से गिरफ्तार किया है। आरोपी शाबास खान के विरूद्ध पूर्व में 1 थाना दर्री जिला कोरबा में धारा 420ए थाना गोलबाजार रायपुर में धारा 420.467.468.471 120 बीए 201 थाना कोतवाली जिला महासमुंद में धारा 498 डी489 व वर्ष 2024 धारा 489 बी489 ;सी तथा थाना बंसतपुर जिला राजनांदगावंए थाना छुरा जिला गरियाबंद में नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी ढालसिंह वर्मा रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 मार्च 2020 को आरोपी शाबास खान के साथ प्रार्थी का परिचय हुआ था जो अपने आपको मंत्रालय में बाबू होना बताकर प्रार्थी एवं उनके साथियों को अपने विश्वास में लेकर मंत्रालय रायपुर एवं पोस्ट ऑफिस में सरकारी नौकरी लगने के नाम पर नगद एवं बैंक के माध्यम से 30 लाख 94 हजार रुपए प्राप्त कर धोखाधड़ी की। रिपोर्ट पर पुलिस चौकी स्मृति नगर में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए। तत्काल आरोपी शाबास खान की तलाश के लिए पुलिस टीम महासमुंद भेजा गया था। जहा स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी शाबास खान ;48 वर्षद्ध निवासी नयापारा वाडी क्रमांक 06 बजरंग पारा महासमुंद के घर में दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने अपराध घटित करना स्वीकार किया है।

# आयुक्त ने सीमेंटीकरण,साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**भिलाई, 8 अगस्त।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने नगर निगम जोन-04 अंतर्गत प्रगति मार्केट के संचालन, प्रस्तावित नाली, एस.एल.आर.एम. सेंटर, सीमेंटीकरण रोड एवं साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आयुक्त ने जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के साथ जोन क्रमांक 04 खुर्सीपार अंतर्गत प्रगति मार्केट का निरीक्षण कर निर्मित दुकानों के संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर की प्रक्रिया अविलंब करने निर्देशित किये हैं।



दुकानों का नियमानुसार किराया निर्धारण हेतु महापौर परिषद के बैठक में रखा जाएगा । वार्ड क्रं. 38 सोनिया गांधी नगर में अधोसंरचना मद से प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति पश्चात कार्य कराया जाएगा। वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर में एस.एल.आर.एम. सेंटर का विस्तार हेतु निर्माण किया जा रहा है। जहां घरो एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को एकत्रित कर पृथक्करण किया जाएगा। एकत्रित कचरे को छाटकर खाद निर्माण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों को पुनः निर्माण हेतु भेजा जाएगा। वार्ड क्रं. 43 बापू नगर में निर्माणाधीन सीमेंटीकरण रोड का निरीक्षण कर पर्याप्त पानी सिंचाई करने निर्देशित किया गया। साथ ही वार्ड में चल रहे साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिए कार्यरत कर्मचारियों को सफाई में समस्या आने पर जोन आयुक्त को सूचित करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।

### आरक्षक ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 8 अगस्त।** दुर्ग पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक सुरेन्द्र साहू ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस के मुताबिक वह घर में अकेला था उसकी पत्नी राखी को लेकर रिश्तेदार के यहां गई थी जब शाम को घर पहुंची तो पति को किचन में पंखे से लटकता पाई पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमॉटम कराया मौके से आरक्षक के मोबाइल को जब्त किया है पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि पद्मनाभपुर निवासी लाइन में पद्स्थ आरक्षक सुरेन्द्र साहू पुलिस लाइन में पदस्थ था उसे वर्ष 2019 में पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति मिली थी पुलिस ने मौके से उसके मोबाइल को जब्त किया मोबाइल की जांच में खुलासा होगा कि उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया।



### शाला भवन की छत का प्लास्टर गिरा, एक छात्रा का सिर फटा तो दूसरी हुई घायल



**मुंगेली।** मुंगेली विकासखण्ड में बरदुली स्थित प्राथमिक शाला भवन में बड़ा हादसा हो गया. पढ़ाई के दौरान छत का प्लास्टर गिरने से एक छात्रा का सिर का सिर फट गया, वहीं दूसरी छात्रा को चोट आई है जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूलों के मरम्मत व जतन के दावों की खुली पोल खुल गई, जब बरदुली स्थित प्राथमिक शाला में छत का प्लास्टर गिर गया। घटना में तीसरी कक्षा की हिमांचुका दिवाकर का जहां सिर फट गया, वहीं हंसिका दिवाकर को चोट आई है. दोनों को उपचार के लिए स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उपचार जारी है।

### तिरंगा यात्रा के संबंध में कबीरधाम जिला भाजपा की कार्यशाला में

# विधायक भावना बोहरा ने सभी को जिम्मेदारी सौंपी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 अगस्त।** भाजपा कार्यालय कवर्धा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंडरिया विधायक एवं तिरंगा यात्रा की जिला संयोजक भावना बोहरा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी.नड्डा जी द्वारा अभियान को सफल बनाने हेतु जारी की गई महत्वपूर्ण जानकारियों को कबीरधाम जिला व मंडल के पादधिकारियों, बूथ व शक्ति केंद्र के प्रभारी-सहप्रभरियों के साथ साझा किए और सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

भावना बोहरा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष पार्टी के कार्यकर्ता आम जनमानस के साथ



तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प लेते हैं। अभियान के तहत 10 से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा एवं 13 अगस्त तक सभी घरों, प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराना पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व, सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से आपरेशन सिन्दूर पूर्णतः सफल रहा। यह मोदी जी के नेतृत्व में नया, समृद्धशाली, शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है, सभी को इस पर गर्व है। पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ हाथों में तिरंगा लेकर के देश भक्ति के कार्यक्रम आपरेशन सिन्दूर की सफलता के उपरांत मनाया गया। इस वर्ष भी उसी उत्साह के साथ हमारे सेना के जवानों के शौर्य एवं राष्ट्रीय जनजागरण के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान मनाया जाएगा जिसके संबंध में आज कार्यशाला में समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया जहां विस्तृत चर्चा कर अभियान को सफल एवं भव्य बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।भावना बोहरा ने आगे कहा कि संसद में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चर्चा करते हुए कहा यह भारत के विजयोत्सव और गौरवगान का सत्र है कि यह विजयोत्सव, आतंक हेडक्वार्टर को मिट्टी में मिलाने का है, यह विजयोत्सव, सिंदूर की सौगंध पूरा करने का है।

# अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर दो ट्रेलरों के बीच जबरदस्त टक्कर,एक की मौत,दो घायल

**बलरामपुर, 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में रफ्तार का कहर देखने को मिला है. अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर दो ट्रेलर के बीच जोरदार भिड़ंत हुई है. इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहनों के चालक-परिचालक गंभीर रूप से घायल हैं. सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया है। जानकारी के मुताबिक, घटना वाड्रफनगर थाना क्षेत्र की है. एक ट्रक यूपी से सामान लेकर छत्तीसगढ़ आ रहा था, वहीं दूसरा ट्रक लोहे की छड़ के बंडल लेकर रायगढ़ से इलाहबाद जा रहा था. वाड्रफनगर के मोरन नदी के पास सुबह 4 बजे करीब सड़क पर एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में दोनों वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हो गई. हादसे में एक की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था और हादसे के दौरान सड़क पर घूम रहा था। केबिन में फंसा चालक, कई घायल-दर्दनाक हादसे में दोनों वाहनों के चालकों और परिचालकों को गंभीर चोटें आई हैं.

**एक नजर**

## निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए नियोजकों से अधिसूचना आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 8 अगस्त।** छ.ग.शासन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा प्लेसमेंट,रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। आयोजन के लिये जिले के समस्त निजी क्षेत्र के नियोजक जिनके संस्थान में नियोजन हेतु रिक्त स्थान पद हो, वे नियोजक कार्यालय के ईमेल या कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी रिक्तियों संबंधित अधिसूचना जमा कर सकते है।अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727-299443 से सम्पर्क कर सकते है।

## नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए 12 अगस्त तक आवेदन

**बलौदाबाजार, 8 अगस्त ।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिले के युवाओं को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठचक्रमों में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों में नर्सिंग (जनरल ड्युटी असिस्टेंट). सोलर पैनल टेक्नीशियन, जल वितरण संचालक, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन शामिल हैं। प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 10वीं या 12वीं उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज़ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 02 नवीनतम फोटो। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र व दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज, सकरी, बलौदाबाजार में 12 अगस्त 2025 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9584270388 पर संपर्क कर सकते है।

## स्तनपान शिविर एवं जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**बलौदाबाजार 8 अगस्त।** आयुष विभाग बलौदाबाजार द्वारा गुरूवार को सिमगा विकासखण्ड के आयुष ग्राम हथबंद आगनबाड़ी केन्द्र में विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत स्तनपान जागरूकता शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को स्तनपान का महत्व बताते हुए शतावरी चूर्ण, अश्वगंधा चूर्ण, सौभाग्य शुंठी पाक, द्राक्षासव आदि आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में डॉ. नम्रता सिंघानिया, फार्मासिस्ट गोंविद पैकरा, आंगबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन सहित बड़ी संख्या मंहिलाएं उपस्थित रहीं।

## डॉ. रमन सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत किया पौधरोपण



**राजनांदगांव 08 अगस्त।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पारींकला में रोड किनारे कदम का पौधा लगाया। उल्लेखनीय है कि ग्राम पारींकला के सड़क के दोनों किनारे में लगभग 300 पौधे लगाने की कार्ययोजना बनाई गई है। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती किरण वैष्णव, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू, जिला पंचायत सदस्य शीला सिन्हा, समाजसेवी श्री कोमल सिंह राजपूत, श्री सौरभ कोठारी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, लीड बैंक मैनेजर श्री मुनिष शर्मा, सरपंच श्रीमती कामनी आम्बिलकर, पंच सहित बड़ी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## मोर मकान-मोर आस योजनांतर्गत आवास का लाभ लेने 18 तक दावा-आपत्ति

**राजनांदगांव 8 अगस्त।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने नगर निगम राजनांदगांव द्वारा रेवाडीह, पेन्डीऊ लखोली, मोहारा आदि क्षेत्रों में आवास का निर्माण किया गया है, जहॉ पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार आवास आबंटित किया जा रहा है, इन्ही आवासों में मोर मकान मोर आस योजनांतर्गत निकाय क्षेत्र में निवासरत आवासहीन परिवार जो वर्षो से किरायेदार के रूप में निवास करते हुये अपने स्वयं के आवास का सपना देख रहे है, ऐसे परिवारो के लिये शासन की संवेदनशील पहल जिसके तहत आवास निर्माण में शासन की जितनी राशि व्यय हुयी है मात्र उस आवास के लागत मूल्य पर ही स्वच्छ सुंदर वातवरण में आवास उपलब्ध कराया जा रहा है। आवास आबंटन के संबंध में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि आवास आबंटन हेतु शासन नियमों के तहत प्रक्रिया दावा-आपत्ति जारी की जा रही है। योजना अंतर्गत दिनांक 28 जुलाई 2025 तक कार्यालय मे प्राप्त आवेदनों की खतौनी (आवेदनों का परीक्षण) करने के उपरांत पात्र-अपात्र आवेदनों की सूची नगर निगम के सूचना पटल पर जनसाधारण के अवलोकन हेतु प्रकाशित की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राप्त आवेदन 1196 जिसमें से 720 पात्र एवं 476 अपात्र आवेदक है, इसके अलावा 95 नए आवेदन प्राप्त हुए है। सूची में 41 पात्र आवेदन एवं 54 अपात्र आवेदन की सूची नाम के साथ जारी की गई है।

# बदबू फैला रहे सॉल्युसन प्लांट को बंद करने की मांग तेज

## प्लांट शुरू होने पर ग्रामीणों का विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 8 अगस्त।** ग्राम पंचायत बहेसर में चैतन्य सौलवेक्स आयल प्लांट के पीछे दो गोदाम को होलोसेल सॉल्युसन प्राइवेट लिमिटेड को किराए से दिया गया है, जिसमे मुर्गियो के लिए आहार तैयार किया जाता है । आहार में कुछ प्रकार के कीड़े पाले जाते है जिसे बड़ा करके सड़ा कर बिलाड़ि तथा अन्य जगहों पर सप्लाई किया जाता है । इस गोदाम से लगातार बदबू फैल रही है जिससे आस पास के ग्रामीण बदबू से परेशान है ग्रामीणों के परेशानी को देखते हुए जनपद सदस्य तुलसी नर्सिंग वर्मा , दीपक वर्मा (सिर्वे) - युवा अध्यक्ष कुर्मि समाज व प्रचार प्रसार मंत्री भाजपा तिल्दा शहर , बंसी यादव पत्रकार बहेसर ने



गोदाम जाकर निरीक्षण किया जिसमें देखा कि गंदा बदबूदार कीड़ा का पालन किया जाता है इसके खिलाप में छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री क्षेत्रीय विधायक टंक राम वर्मा जी के नाम आवेदन लिखा तथा विभागीय अधिकारियों को भी प्रतिलिपि किया गया । आवेदन को स.ष्ठ.रू.कार्यालय में सौपा गया ।। नर्सिंग वर्मा व दीपक वर्मा , बंसी यादव ने बताया कि गोदाम का बदबू लगातार 24 घंटे आते रहता है जिसके कारण बहेसर, सिर्वे ,बरतोरी,तुलसी ,रजिया के ग्रामीण परेशान है वही सिर्वे में इंटेरनेसनल स्कूल ,पी.एम.श्री स्कूल, बहेसर में हाई स्कूल, संचालित है । लगातार बदबू के कारण छोटे बच्चों में उल्टी ,दस्त की समस्या बढ़ते जा रही है साथ ही यह बदबू सभी वर्ग के लोगो पर बुरा असर कर रही है जिसके लोगो का सांस लेना, पानी पीना ,खाना खाना खाना भी मुश्किल होता जा रहा है साथ ही सिर दर्द,उल्टी,पेट दर्द आदि बीमारियां भी लोगो मे बढ़ रही है। इन सब समस्याओं को देखते हुए तत्काल कार्यवाही की मांग की है।

## शिशु के लिए मां का दूध ही एक संपूर्ण आहार होता है: प्रीति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,8 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा जिला स्तरीय बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत स्तनपान सप्ताह परियोजना बलौदाबाजार गुरू घासीदास वार्ड क्रमांक-9 एवं ग्राम पहंदा में स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक प्रीति नवरत्न द्वारा स्तनपान से होने वाले लाभ के बारे में उपस्थित महिलाओं को जानकारी दी गई। शिशु के लिए,मां का दूध एक संपूर्ण आहार होता है। इसमें सभी जरूरी पोषक



तत्व, विटामिन और मिनरल सही मात्रा में मौजूद होते है। यह बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे वह संक्रमण, एलर्जी और अन्य बीमारियों से सुरक्षित रहता है। इस कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ कौशिल्या सोनवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, सहायिकाएं, हितग्राही एवं अन्य बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री की घोषणा हुई पूरी, हाई मास्ट लाइट से रोशन हुआ बल्दाकछार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 08 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन तिहार का तीसरा चरण सकारात्मक बदलावों का प्रतीक बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय की घोषणा क़ो अमलीजामा पहनाने कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।इसी क्रम में मुख्यमंत्री की घोषणा पर वनांचल क्षेत्र में बसा विशेष पिछडी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम बल्दाकछार में क्रेड़ा द्वारा सोलर हाई मास्ट लाईट लगाने क़ा काम पूरा किया गया है। अब बल्दाकछार के लोगों क़ो रात में भी दिन के उजाले का



अहसास हो रहा है। गांव में ऐसी प्रकाश व्यवस्था होने पर ग्रामीणों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की और शासन- प्रशासन क़ो धन्यवाद दिया है।

गौरतलब है कि सुशासन तिहार अंतर्गत 9 मई 2025 को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आकस्मिक निरीक्षण में विकासखंड कसडोल के ग्राम बल्दाकछार पहुंचे थे।यहां ग्रामीणों से रूबरू होने के दौरान ग्रामीणों ने गांव में अंधेरे की समस्या को लेकर हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्रेडा विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों की सहमति पर गांव के गुड़ी चौक एवं कमारपारा में सोलर सयंत्रयुक्त हाई मास्ट लाइट स्थापित कर दी गई है। अब गुड़ी चौक और कमारपारा क्षेत्र रात्रि में भी पूरी तरह रोशन हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षा एवं आवागमन में सुविधा मिली है। क्रेडा विभाग के इंजीनियर ने बताया कि हाई मास्ट लाइट की स्थापना हेतु स्थल चयन ग्राम सरपंच एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से किया गया।

## संस्कारित समाज की कल्पना शिक्षा के बिना संभव नहीं : इन्द्र साव

### प्रतिभावान बच्चों का विधायक ने किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 08 अगस्त।** किसी भी समाज के उत्थान की पहली सीढ़ी शिक्षा है और जिस समाज में ज्यादा साक्षर लोग होंगे,वो समाज निरंतर प्रगति पथ के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेगा,और हमारे लिए खुशी की बात है हमारे समाज के बच्चे भी अपनी पढ़ाई को अपनी रुचि में शामिल करते हुए मन लगाकर पढ़ाई कर रहे है,उक्त बाते समरसता भवन मोपका मे आयोजित परीक्षेत्रीय साहू समाज के प्रतिभावान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक इन्द्र साव ने अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता पन्नालाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ एवं कोमल साहू अध्यक्ष मोपका परीक्षेत्र,नगर अध्यक्ष राजेश साहू,सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, दयालूराम साहू अध्यक्ष तरेंगा परीक्षेत्र के विशेष अतिथी के रूप में मंचस्थ थे। इस दौरान साहू समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं समाज के सेवानिवृत वरिष्ठ जनों का सम्मान हुआ।

सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश



डालते हुए कहा कि संस्कारित समाज की कल्पना शिक्षा के बिना संभव नही है। समाज मे स्वच्छ वातावरण के लिए खुद को शिक्षित करने के साथ साथ अपने आस पास के लोगो को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करना हम सब की जवाबदारी होनी चाहिए। विधायक ने कहा कि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास होगा तभी हम अपने समाज को विकसित और प्रगतिशील समाज के रूप में देख सकते है।समाज में जब ज्यादा से ज्यादा लोग शिक्षित होते है तब वह अन्य समाज के लिए एक उदाहरण होता है।विधायक श्री साव ने इस दौरान सभी बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी मेहनत और काबिलियत के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए अपना लक्ष्य लेकर आगे की पढ़ाई करने को कहा,वही श्री साव ने शासकीय सेवा से पृथक हुए सामाजिक लोगो से से समाज सेवा में अपना योगदान देने का आह्वान करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोमेंद्र साहू, रोहित साहू, केशव साहू, मनोज साहू, लकेश्वर साहू, नोहर साहू, पुनीत साहू, कौशलेंद्र साहू, जीत नारायण साव, सत्यजीत शेंडे, कौशल साहू, कोमेंद्र साहू, लखन साहू, गुनाराम साहू, पुसऊ साहू, सुन्दर साहू, मनीराम साहू, सुनहर साहू, सुखदेव साहू, शोभित साहू, मोहित साहू सहित काफी संख्या में सामाजिक लोग और प्रतिभावान बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

## सीएमएचओ ने किया पीएचसी लच्छनपुर और सीएचसी कसडोल का निरीक्षण

**बलौदाबाजार, 8 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले की स्वास्थ्य सुविधाओं में सुदृढ़ता हेतु स्वास्थ्य अमला लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार क़ो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लच्छनपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। लच्छनपुर में बन रहे 6 बिस्तर भवन की प्रगति क़ा निरीक्षण किया साथ ही अस्पताल में लैब ,ओपीडी,प्रसव कक्ष ,स्टोर,फार्मेसी,जन औषधि का निरीक्षण किया गया।



सीएमएचओ ने एनक्यूएएस हेतु पूरी तैयारी के निर्देश दिए।फार्मासिस्ट का तबादला होने पर व्यवस्था हेतु जीवनदीप से रखने बाबत कहा गया। आयुष्मान कार्ड ब्लाक हेतु डिस्चार्ज पेंडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए । सीएमएचओ ने शासकीय स्कूल का भी भ्रमण कर बच्चों की सेहत बाबत शिक्षकों से चर्चा की । कसडोल में सुपर वाइजर ,सीएचओ ,आरएचओ महिला की समीक्षा बैठक में सभी को उच्च गर्भवती महिलाओं की लाइन लिस्टिंग कर उनका नियमित फॉलो अप करने को कहा । इसके लिए सुपरवाइजर को सतत रूप से निरीक्षण करने कहा । उन्होंने सभी को आधार उपस्थिति में पंजीयन करने और मुख्यालय में रह कर सेवा देने के भी निर्देश दिए। इसके बाद कसडोल के अस्पताल में वार्ड,आपातकाल और ओटी को भी जा कर देखा। उन्होंने वार्ड में भर्ती सर्पदंश के मरीज से मिल कर उनका कुशल क्षेम भी पूछा । इस दौरान पलारी बीएमओ डॉ. बीएस ध्रुव ,कसडोल बीएमओ डॉ रविशंकर अजगल्ले, सर्जन डॉ वाय. के. शर्मा ,स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ वंदना भेले बीपीएम राजेश डहरिया और मनोज मिश्रा उपस्थित रहे ।

## हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाना, बहनों ने लिया वादा

**रायपुर, 8 अगस्त।** पूज्य सिंधी पंचायत न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह के द्वारा रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने भाइयों को राखी बाँधकर भाइयों की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए हेलमेट का वितरण किया गया । पंचायत के अध्यक्ष विशाल कुकरेजा ने




बताया कि पंचायत की महिला विंग द्वारा ये सरहानीय कार्य किया गया है। विशाल ने बताया की रक्षाबंधन के मौक़े पर एक भाई अपनी बहन की रक्षा का प्रण लेता है लेकिन इस रक्षाबंधन बहनों ने भी अपने भाइयों की सुरक्षा का प्रण लेते हुए उन्हें हेलमेट पहनाकर उनसे वादा लिया है कि जब भी गाड़ी चलाओगे हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करोगे। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्र के थाना प्रभारी अविनाश सिंह एवं पंचायत के अमर चंदनानी,सुनील बत्रा,शंकर लाल वरन्दानी,चंद्र कुमार डोडवानी,अमित नागदेव,राजकुमार पंजवानी,राकेश माटा,सुमित माटा,महिला विंग से संगीता भाटिया,सीमा कुकरेजा,महक नागदेव,महिमा छत्तीजा,सौम्या छत्तीजा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा सरकार जनता को करेंट मार रही:भागवत साहू

**राजनांदगांव, 8 अगस्त।** बिजली के मुद्दे पर राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भागवत साहू का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि बिजली करेंट मारती है, सब जानते हैं,लेकिन बिजली की सुविधा की बात पर यहाँ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भारतीय जनता पार्टी की सरकार उस जनता को बार बार करेंट मार रही है जिसने उस पर भरोसा जताकर सत्ता पर बिठाया ।

श्री साहू ने आगे कहा कि जिस दिन जनता का गुस्सा उबल पड़ेगा उस दिन यह सरकार कहीं की नहीं रहेगी । छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना को हाफ करके लोगों को बड़ा झटका दे दिया है। सरकार ने पहले बिजली के दाम में बढ़ोतरी कर दी, वहीं कांग्रेस शासन काल में दी जाने वाली 400 यूनिट तक की 50 प्रतिशत छूट को खत्म करके इसे प्रति माह 100 यूनिट कर दिया है। सरकार के इस निर्णय को लेकर अब आम जनता में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे तुगलकी फरमान बताया है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में राज्य में हाफ बिजली योजना लागू कर बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई थी।

## चुनावों में हार से कांग्रेस फड़फड़ा रही : शरद सिन्हा

**राजनांदगांव, 8 अगस्त।** शहर के भाजपा नेता शरद सिन्हा ने कांग्रेस के खिलाफ बड़ा बयान दिया है उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरी पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव में करारी हार के बाद से कांग्रेस फिर से सत्ता पाने के लिए फड़फड़ा रही है वह विपक्ष की भूमिका भी लोकतांत्रिक रीति रिवाज के अनुसार नहीं निभा पा रही है सत्ता पक्ष भाजपा पर तरह-तरह के झूठे आरोप लगाकर अपनी हंसी खुद उड़ा रही है समझदार जनता उनकी हरकतों पर रोज हंस रही है।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि सच तो यह है कि कांग्रेसियों के सरदार अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तो कभी सेना के खिलाफ आनगर्ल बयान बाजी करके देश के अहित में बयान देते है। भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है सबका साथ सबकी विकास का सोच रखकर कार्य करती है महतारी वंदन योजना से भाजपा को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिलने से बौखला गई है । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार हाफबिजली योजना से मुक्त बिजली योजना की ओर जनता को प्रेरित कर रही है ऐसे समय में कांग्रेस यह बकवास कर रही है कि बिजली बिल बढ़ाकर महतारी वंदन का पैसा दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों पर जनता कांग्रेस पर हस्ती है। भाजपा सरकार महिलाओं को विशेष सम्मान दे रही है महतारी वंदन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है उनके खाते में हर महा 1000 रुपये डाला जा रहा है।

## विभिन्न कोर्स में प्रवेश के लिए 31 तक आवेदन

**कोरबा, 8 अगस्त।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। वर्तमान में अध्ययन केंद्र कोरबा, तहसील रोड, पीजी कॉलेज के बगल में पुराना कलेक्ट्रेट/पुराना आरटीओ (एनसीसी कार्यालय) में संचालित है।

## छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की 37वीं बैठक में महत्वपूर्ण 23 एजेंडों पर हुई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की 37वीं बैठक आज राजधानी रायपुर स्थित टूरिज्म बोर्ड के मुख्यालय में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के माननीय अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा जी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य ने 23 एजेंडों को विस्तार से प्रस्तुत किया जिस पर माननीय संचालक मंडल के सदस्यगणों द्वारा सहमति प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।इस बैठक में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य छत्तीसगढ़




राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास को नई दिशा देना, पूर्व निर्धारित परियोजनाओं की समीक्षा करना तथा आने वाली योजनाओं पर सामूहिक निर्णय लेना रहा। बैठक में कुल 23 मुख्य एजेंडों के साथ माननीय अध्यक्ष की अनुमति से 2 अतिरिक्त एजेंडों पर चर्चा के साथ 3 सूचनाएं भी प्रदान की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री नीलू शर्मा जी ने कहाः छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक विरासत को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हम सभी को मिलकर एक ठोस और दूरदर्शी रणनीति बनानी होगी। हमारा उद्देश्य केवल पर्यटन को बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि स्थानीय रोजगार सृजन, आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एजेंडे में शामिल प्रस्तावों को क्रियान्वयन के लिए जल्द ही संबंधित विभागों को भेजा जाएगा। आने वाले समय में इन योजनाओं के प्रभाव से छत्तीसगढ़ के पर्यटन क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे।

## रक्षाबंधन मिलन समारोह में स्कूल के बच्चों ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार-भाटापारा, 8 अगस्त।** आज दिनांक 07.08.2025 को पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में रक्षाबंधन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्धमान विद्यापीठ एवं पाठशाला स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में आरक्षक दिनेश नेताम द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर गायन के माध्यम से अपनी अभिनव प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात स्कूल के बच्चों द्वारा बारी-बारी से पुलिस अधिकारियों को राखी बांधी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा अपने संबोधन में रक्षाबंधन पर्व के



लिए सभी को शुभकामनाएं देते हुए दोनों स्कूल के प्राचार्य को रक्षाबंधन मिलन समारोह में बच्चों की उपस्थिति के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया। कार्यक्रम में श्री अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों से उनके पढ़ाई के संबंध में मजेदार प्रश्न पूछे गए, जिनका बहुत ही उत्साह पूर्वक बच्चों द्वारा जवाब दिया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चे पुलिस अधिकारियों को अपने बीच पाकर अत्यंत उत्साहित एवं प्रफुल्लित हुए। कार्यक्रम में पुलिस विभाग की तरफ से स्कूल के समस्त बच्चों को उपहार भेंट किया गया, साथ ही दोनों स्कूल के प्राचार्य को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## संपादकीय

# राहुल के दावे में दम नहीं!

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर फिर वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी तरफ से कुछ सबूत पेश किए हैं कि वोट की चोरी पांच तरह से होती है। डुप्लीकेट वोटर,एक ही पते पर अनेक वोटर,फार्म-6 का गलत प्रयोग,फर्जी और अमान्य पते.अमान्य तस्वीरें। यह कोई नई बात नहीं है,हर चुनाव के पहले चुनाव आयोग इस खामियों को दूर करने के लिए काम करता है। उसके पास अपना स्टाफ नहीं होता है,राज्य के कर्मियों का ही वह इन खामियों को दूर करने में उपयोग करता है। वह इन खामियों को कितना दूर पाते हैं,यह राज्य के अधिकारियों व कर्मचारियों पर निर्भर करता है। चुनाव आयोग का मालूम रहता है कि मतदाता सूची सुधार के बाद भी कुछ खामियां हो सकती हैं,इसलिए वह मतदाता सूची तैयार होने के बाद सारे राजनीतिक दलों को भेजता है कि वह बताएं इसमें कोई खामी है तो नही, राजनीतिक दल जो कुछ बताते हैं, उन खामियों को दूर किया जाता है। फिर भी खामियां है तो उसके लिए राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है। मतदाता सूची को शुध्द बनाना चुनाव का आयोग की अकेले की जिम्मेदारी नहीं है। वह सामूहिक जिम्मेदारी है। इसलिए कोई राजनीतिक दल चुनाव के कर्ई महीनों बाद बता रहा है कि यह खामी है तो इसके लिए सभी दोषी है।जहां तक सवाल महादेवापुरा विधानसभा क्षेत्र का है तो राहुल गांधी को पता नहीं है कि भाजपा यहां से निरंतर जीत रही है।राहुल गांधी को इस बात पर आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि कोई सरकार राज्य या केंद्र में लगातार जीत रही है,माना जा रहा है कि उसके खिलाफ जनता नाराजगी नहीं है। राहुल गांधी का कहना है कि जनता में नाराजगी होती है तो राजनीतिक दल को जीतना नहीं चाहिए। यह तर्क तो भाजपा मोदी सहित सभी पर लागू होता है,कांग्रेस भी कभी निरंतर चुनाव जीतती थी,गैर भाजपा दल भी कई राज्यों में निरंतर जीत रहे हैं,इसका एक ही मतलब नहीं होता कि वोटों की चोरी की गई है, यह भी होता है सरकार अच्छा काम कर रही है।राहुल गांधी ने वोट चोरी के जो सबूत पेश किए है,उन पर खुद को यकीन नहीं है नहीं तो क्या वजह है कि वह चुनाव आयोग को यही आरोप शपथ पत्र में लिखकर नहीं दे रहे है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने अनुभवों का लाभ उठाएंगे। आपको कोई पुरस्कार मिलने की संभावना है। आप अपने बॉस से दी गई जिम्मेदारी में ढील बिल्कुल ना दें, नहीं तो इससे आपके आपसी रिश्तों में कड़वाहट आने की संभावना है। कोई पुराना रोग उभर सकता है, जो आपका टेंशन देगा। आपकी साख और सम्मान में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से कोई व्यक्ति आपसे मेल मिलाप करने आ सकता है।

**वृषभ** आज आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। मित्रों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप किसी वाहन की खरीदारी की योजना बनाएंगे। आपको जीवनसाथी से किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो उससे आपके रिश्तों में कड़वाहट बढ़ेगी। व्यापार में अच्छा उछाल आएगा। प्रेम संबंधों में आपका विश्वास भी मजबूत रहेगा, तो आप कहीं घूमने फिरने की योजना बना सकते हैं। आप अपने आसपास रह रहे लोगों से सावधानी बरतें।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए अध्यात्म के कार्यों से जुडकर नाम कमाने के लिए रहेगा। जल्दबाजी में कोई काम करना आपको नुकसान देगा। आप किसी की सीख और सलाह पर आगे ना बढ़ें। यदि आपने कोई जोखिम लिया, तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। आप अपने डेली रूटीन को बेहतर बनाने की कोशिश करें। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा और आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। परिवार के सदस्यों में यदि दूरी आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आज आप किसी से कटु वचन ना बोले और यदि कोई लेनदेन करें, तो बहुत ही देखभाल कर करें। किसी सरकारी योजना का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो अपने सामानों की सुरक्षा आवश्यक करें। आप संतान की पढ़ाई-लिखाई को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी से प्रलोभन में ना आए और आप अपने सहयोगियों का भरोसा जीतने में कामयाब रहेंगे। राजनीति में किसी से तर्क वितर्क मे पड़ने से बचना होगा, क्योंकि वह आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने कामों को धैर्य रखकर निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपका मन आज इधर उधर के कामों में लगेगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए कला और कौशल में सुधार लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अपने बॉस की आंखों का तारा बनेंगे। आपको कोई पुरस्कार भी मिल सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों के जन समर्थन में इजाफा होगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकती है। आप किसी नए प्रॉपर्टी की डील को फाइनल करने की कोशिश करेंगे, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई कर सकते हैं। परिजनों से यदि कोई मनमुटाव चल रहा था, तो वह दूर होगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें और जल्दबाजी में कोई निर्णय न ले। आपको अपने बॉस की बातों को नजरअंदाज करने से बचना होगा। माता जी की सेहत में गिरावट आने से भाग दौड़ अधिक रहेगी। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सूझ बूझ दिखाकर काम करने के लिए रहेगा। आप कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाएंगे, लेकिन आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा ना करें। बिजनेस को लेकर आपको किसी के साथ पार्टनरशिप करनी पड सकती है, जिससे आपका व्यवसाय काफी आगे तक चलेगा। आप अपनी संतान को किसी परीक्षा की तैयारी करा सकते हैं। आपको अपने लक्ष्य को त्यागकर आगे बढ़ना होगा। आप कोई महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी सुख-सुविधाओं पर पूरा जोर देंगे और घर पर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आप सभी का भरोसा जीतने की पूरी कोशिश करेंगे। जनकल्याण के कार्यों पर आपकी काफी रुचि रहेगी। आपको किसी धार्मिक यात्रा पर भी जाने का मौका मिल सकता है। जीवनसाथी पर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आप संतान को संस्कारों और परंपराओं का पाठ पढ़ाएंगे। यदि आपने किसी से कोई वादा किया है, तो उसे पूरा करने की आप कोशिश करें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यो से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। विभिन्न कार्य में आपकी काफी रुचि रहेगी और आपके साहस व पराक्रम में वृद्धि होगी। जीवन स्तर में सुधार आएगा। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी और आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई काम मिल सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों को अपने आसपास रह रहे विरोधियों से थोड़ा सावधान रहना होगा। आपको कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आपके सहयोगी आपसे नाराज हो सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें, नहीं तो इससे आपका अच्छा खासा खर्चा होगा। दान-धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी यात्रा पर जाने के लिए सोच विचार कर सकते हैं। यदि माताजी आपको कोई काम सौंपे, तो आप उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना बरतें और आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो इससे आपके बेवजह के लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा, क्योंकि आपको बिजनेस में भी अच्छी सफलता मिलने की संभावना है और आपकी कुछ डील फाइनल होगी। परिवार में भी किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

### विश्व आदिवासी दिवस

# प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी

**ललित गर्ग**



विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवासियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। 'जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है'-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरशः लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही 'वनवासी' कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें 'पराया' बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत की कल्पना में अगर "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" का सूत्र वाक्य सार्थक करना है, तो आदिवासी पुनर्जागरण सबसे पहली शर्त है। इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रयी बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका "सुखी परिवार अभियान" केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें। आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियाँ न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक



मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है।' वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि "जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता।" उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुनः प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।

आज की वैश्विक दुनिया 'लोकल टू ग्लोबल' की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाज़ार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहाँ आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी। इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आज़ादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी। आज विश्व आदिवासी दिवस हमें इन भूलाए गए नायकों को स्मरण करने, उनका गौरव गान करने और नई पीढ़ी में उनकी प्रेरणा जगाने का अवसर देता है।

विश्व आदिवासी दिवस एक प्रतीक दिवस है, परंतु नीति, नीयत और निष्ठा से इसका पालन आवश्यक है। केवल भाषण, घोषणाएं और योजनाओं से आदिवासी समाज नहीं बदलेगा। उन्हें सुनने, समझने और साथ चलने की आवश्यकता है। उनके जल, जंगल, जमीन के अधिकार की कानूनी एवं नैतिक सुरक्षा हो। उनकी भाषा, परंपरा और नृत्य-संगीत को संरक्षित किया जाए। शिक्षा और स्वास्थ्य के अवसर स्थानीय सांस्कृतिक परिवेश में उपलब्ध कराए जाएं। आदिवासी नेतृत्व को राजनीतिक सशक्तिकरण मिले। नया भारत आदिवासी आत्मा के बिना अधूरा है क्योंकि भारत की आत्मा आदिवासियों की थापों में बसती है, उनके ढोल, मांदर, बांसुरी, उनके लोकगीत, उनके नृत्य और उनकी सरलता में। यदि हमें नया भारत बनाना है तो हमें आदिवासी समाज के साथ खड़ा होना होगा, उनके लिए नहीं, उनके साथ। गणि राजेन्द्र विजयजी जैसे संत इस दिशा में दीपशिखा बनकर मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। इस विश्व आदिवासी दिवस पर हम केवल स्मरण नहीं, संवेदना, संरक्षण और सहभागिता के साथ इस अद्वितीय समाज के साथ जुड़ें, यही होगा सच्चा राष्ट्रधर्म।

# क्षमा करने और स्नेह बांटने का पर्व

**डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

" राखी " अर्थात रक्षाबंधन का पर्व भाई - बहन के बीच स्नेह के प्रतीक का सबसे बड़ा पर्व है । छोटे से लेकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश कर चुके भाई - बहनों को इस दिन का बेसब्री से इंतजार रहता है । यही वह पवित्र दिन है जब भाई - बहन अपने बीच पैदा हुए विवादों का पटाक्षेप कर रक्षाबंधन की डोरी को मजबूती दिया करते हैं । हिंदू धर्म में पौराणिक महत्व से परिपूर्ण रक्षाबंधन का पर्व सबसे बड़ा संदेश देने वाला पर्व कहा जा सकता है । इस पर्व में एक बहन अपने भाई के ललाट पर मंगल तिलक लगाकर ईश्वर से उसके कुशल क्षेम की प्रार्थना करती है , तो भाई अपनी बहन के द्वारा दिए जाने वाले आशीर्वाद के लिए लालायित दिखाई पड़ते हैं । वर्तमान में कलयुगी स्वार्थ के चलते भाई - बहनों के बीच मनभेद का होना सामान्य रूप से दिखाई पड़ रहा है । खून के रिश्तों में इस तरह की विचार भिन्नता ने कुछ दूरियां बढ़ाते हुए प्रेम और स्नेह के बीच दरारें पैदा की हैं ! रक्षाबंधन का पर्व ऐसी ही दूरियों को समाप्त करने का स्वर्णिम अवसर प्रदान करता है । किसी बात को लेकर एक - दूसरे के प्रति दुराव रखने वाले भाई - बहनों को संकल्पित होकर क्षमा जैसे गुण के वशीभूत उन काले बादलों से निकलने का प्रयास करना चाहिए , जिसने उनके प्रेम - स्नेह के ऊपर अपना आवरण ढंक दिया हो । यही इस पर्व का मुख्य मकसद है । यदि बहन बड़ी हो तो भाई की त्रुटियों को नासमझी मानकर हवन कुंड में भस्म कर दे और यदि भाई बड़ा हो तो छोटी बहन की भूलों को आइने में जमीं धूल समझकर झाड़ डाले। " राखी " महज एक धागा या सूत्र नहीं है , बल्कि यह एक बहन की भावनाओं , उसकी प्रार्थनाओं और भाई के प्रति अटूट विश्वास का प्रतीक है । यही वह स्नेह बंधन है जो भाई - बहन के बीच रिश्तों की मजबूती और स्थायित्व को प्रकट करता है । यही वह त्योहार है जो भाई - बहन के रिश्ते की खूबसूरती और उसकी महत्ता को उजागर करता है । एक ओर जहां बहन रक्षा का सूत्र बांधकर अपने भाई से जीवन भर की सुरक्षा का वचन मांगती है तो दूसरी ओर भाई भी अपने इस कर्तव्य को निभाने की प्रतिबद्धता का पालन करने का विश्वास दिलाता है । यह पर्व पारिवारिक सदस्यों को एक साथ आने का अवसर भी प्रदान करता है । एक - दूसरे के प्रति कर्तव्यों के स्मरण बोध को भी रक्षा बंधन मजबूती प्रदान करता है । राखी का पर्व न केवल भाई - बहन के रिश्ते को बल प्रदान करता है वरन समाज में प्रेम एवं सदभाव को भी बढ़ाता है । वर्तमान की परिस्थितियों को देखकर बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि बदलती जीवनशैली ने हमें इतना ज्यादा व्यस्त कर दिया है कि इस दिन को छोड़कर पूरे वर्ष भर हमारे पास इतना वक्त नहीं कि बहन कैसी है ? भाई क्या कर रहा है ? जानने का प्रयास कर सकें ! ऐसे हालात कैसे बने ? इसका जिम्मेदार जैन है ? काफी सिर - फुटव्वल के बाद भी जवाब नकारात्मक ही है ! कभी ऐसा लगता है कि यह सब समय का प्रभाव है ! कभी लगता है सब अपने - अपने दायरों में कैद होकर रह गए हैं ! आज की आराम - तलब जिंदगी और प्रतिदिन के संघर्षों ने रिश्तों को खोखला करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है ! भागती - दौड़ती जिंदगी में पारिवारिक रिश्तों का स्वरूप तेजी के साथ बदलता जा रहा है । एक्र परिवार में रहने वाले भाई - बहनों के बीच तकरार और तनाव की लकीरें गाढ़ी होती जा रही हैं ! एक - दूसरे की तकलीफों को समझने की जरूरत महसूस नहीं की जा रही है ! भाई - बहन के रिश्ते आज की स्थिति में अपने प्रभुत्व और मान - सम्मान का प्रदर्शन करते ही दिखाई पड़ रहे हैं ! एक भाई को कब अपनी बहन की जरूरत है या एक बहन को कब भाई के सहारे की आवश्यकता है , इसे भी समझने में दोनों की हैसियत ( स्टेटस ) आड़े आ रही है ! ऐसी परिस्थिति में एक - दूसरे को संबल प्रदान करने की सोच ने तो लगभग दम ही तोड़ दिया है ! सामाजिक व्यवस्था और पारिवारिक जरूरतों के चलते आज भाई - बहन लंबे समय तक साथ नहीं रह पाते हैं !






ऐसे में रक्षाबंधन का पर्व ही उन्हें फिर से निकट लाने में बड़ी भूमिका का निर्वहन करता है । बावजूद इन सबके बढ़ती महंगाई , रिश्तों का खोखलापन और समय की कमी भाई को बहन के पास अथवा बहन को भाई के पास नहीं पहुंचने दे रहा है ! यह कहने में कोई संकोच नहीं कि सभी रिश्तों की तरह भाई - बहन का रिश्ता भी अब पहले की तरह नहीं रहा ! सारे उलाहनों और मन - मुटावो को त्यागकर एक - दूसरे की भावनाओं को सम्मान देते हुए राखी की महत्ता को पहचानना ही आज के समय की सबसे बड़ी मांग है । श्रावण मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन मनाया जाने वाला रक्षाबंधन का पर्व स्नेह , कर्तव्य और विश्वास का प्रतीक है । राखी मात्र रंगीन धागा नहीं बल्कि संवेदनात्मक संकल्प है । यही वह सूत्र है जिसके द्वारा बहन , भाई के दीर्घायु की कामना करती है । इस पर्व की महत्ता इस लोक में ही नहीं देवलोक में भी होने का प्रमाण हमारे धर्म शास्त्रों में मिलता है । देवराज इंद्र से लेकर राजा बलि तक अनेक पौराणिक कथाएं राखी के मंगलसूत्र से भरी पड़ी हैं । इतना ही नहीं मुगलकालीन शासकों ने भी रक्षाबंधन के पर्व को सम्मान प्रदान करते हुए उसे अपनी कलाइयों में धारण किया । रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक ऐसा त्यौहार है जो यह बताता है कि रिश्तों की बुनियाद खून से ज्यादा भावनाओं और विश्वास पर टिकी होती है । यह पर्व जहां भाई - बहन के रिश्ते को मजबूती देता है , वहीं समाज में सुरक्षा, कर्तव्य और सामंजस्य की भावना को भी प्रगाढ़ करता है । रक्षाबंधन का पर्व वास्तव में देखा जाए तो एक पवित्र अनुष्ठान है , जो प्रत्येक भाई - बहन को कर्तव्यों का स्मरण कराता है । सार्वभौमिक भाईचारे का यह पर्व असीमित दृष्टिकोण एवं शांति की स्थापना करता है । यह एक ऐसा पर्व है जो जाति, पंथ, आयु , लिंग , धर्म, सामाजिक - आर्थिक स्थिति , रंग और व्यक्तित्व के लक्षणों की सभी बाधाओं को तोड़ता है । रक्षा के पवित्र धागे " राखी " से बंधे होते हैं । इसमें शांति , प्रेम ,पवित्रता , ज्ञान, दया के मूल स्वभाव का संकल्प समाया होता है । रक्षाबंधन पर्व के दिन भाई - बहन एक - दूसरे से दूर रहने की स्थिति में साथ बिताए पलों को याद कर भावुकता एवं बचपन की हंसी - ठिठोली , लड़ाई - झगड़े , प्यार - स्नेह और हर तरह की उछल - कूद वाली मस्ती भरी तस्वीरों में रंग भरने लगते हैं । यही इस पर्व का उल्लास कहा जा सकता है ।

# हार्मोन असंतुलन की वजह से पुरुषों में हो सकता है डिप्रेशन

बिजी लाइफस्टाइल की वजह से हम अपनी मानसिक शांति पर ध्यान ही नहीं दे पाते हैं। लेकिन मानसिक शांति पर ध्यान न देना डिप्रेशन का कारण बन सकता है। जोकि थोड़ा सा गलत होगा। वहीं शरीर में होने वाले कई बदलाव पुरुषों में डिप्रेशन की बड़ी वजह बन सकता है।

सुबह होते ही बच्चे हों या बड़े हर कोई अपने-अपने कामों में लग जाता है। किसी को ऑफिस जाने की जल्दी तो किसी को स्कूल जाने की। हर कोई अपनी स्ट्रेस भरे दिन में बेहतर काम करने के चक्कर में लगा रहता है। जिस कारण हम अपनी मानसिक शांति पर ध्यान ही नहीं दे पाते हैं। लेकिन मानसिक शांति पर ध्यान न देना डिप्रेशन का कारण बन सकता है। जोकि थोड़ा सा गलत होगा। वहीं शरीर में होने वाले कई बदलाव पुरुषों में डिप्रेशन की बड़ी वजह बन सकता है। हालांकि महिलाओं में हार्मोनल बदलावों की अधिक चर्चा होती है। लेकिन पुरुषों में इस विषय को नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन पुरुषों के शरीर में भी कई ऐसे हार्मोन पाए जाते हैं, जिनका संतुलन बिगड़ने पर पुरुष के मेंटल हेल्थ पर गहरा असर हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हार्मोनल असंतुलन किस तरह से डिप्रेशन की वजह बन सकता है और इसके क्या लक्षण हैं। विटामिन और मिनरल्स की तरह शरीर में हार्मोन्स की भूमिका अहम होती है। शरीर के अंदर हार्मोन्स कैमिकल्स मैसेंजर की तरह काम करते हैं। यह मूड स्विंग्स को कम करने, एनर्जी के लेवल, पाचन को बेहतर करने और मेंटल हेल्थ को बैलेंस करने में सहायता करता है। लेकिन अनहेल्दी खानपान और अनहेल्दी डाइट के कारण हार्मोनल बदलाव हो सकते हैं।

**टेस्टोस्टेरोन**-बता दें कि टेस्टोस्टेरोन सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे हैप्पी हार्मोन्स के उत्पादन को बेहतर बनाता है। जोकि डिप्रेशन को कम करते हैं। वहीं टेस्टोस्टेरोन की कमी से उदासीनता, थकान और एकाग्रता में कमी आ सकती है। इससे डिप्रेशन के लक्षण बढ़ सकते हैं।

**कोर्टिसोल**-इसको स्ट्रेस हार्मोन कहा जाता है। ज्यादा कोर्टिसोल ब्रेन के न्यूरॉन्स के प्रभावित कर सकता है। इससे भी डिप्रेशन होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

**थायरॉयड हार्मोन**-थायरॉयड हार्मोन की अधिकता होने पर या कमी होने पर दोनों ही कंडीशन डिप्रेशन और मूड स्विंग्स की वजह बन सकती हैं। मुख्य रूप से पुरुषों में हाइपोथायरायडिज्म थकान और डिप्रेशन जैसे लक्षण पैदा कर सकता है।

**सेरोटोनिन और डोपामिन**-ब्रेन के न्यूरोट्रांसमीटर की तरह यह दोनों कार्य करते हैं। लेकिन इनके लेवल में कमी हार्मोनल असंतुलन की वजह हो सकते हैं। जिस कारण व्यक्ति में निराशा और उदासी की कमी देखी जा सकती है।

**डिप्रेशन होने के लक्षण**-अगर किसी पुरष में हार्मोनल असंतुलन की वजह से डिप्रेशन हो रहा है। तो इसके लक्षण सामान्य डिप्रेशन से थोड़ा अलग हो सकती हैं। इसमें आपको बेवजह गुस्सा आना, उदासी, चिड़चिड़ापन, आत्मविश्वास की कमी होना, काम में रुचि न होना, नींद में अनियमितता, एकाग्रता की कमी, थकान व ऊर्जा की कमी आदि शामिल हैं।

**डिप्रेशन में हार्मोनल बदलाव होने का इलाज**-इसमें डॉक्टर सबसे पहले आपको ब्लड टेस्ट की सलाह देते हैं। जिसमें टेस्टोस्टेरोन, थायरॉइड और कोर्टिसोल लेवल की जांच की जाती है। अगर टेस्टोस्टेरोन का लेवल काफी कम पाया जाता है, तो डॉक्टर आपको टेस्टोस्टेरोन रिप्लेसमेंट थेरेपी की सलाह दे सकते हैं। इसके अलावा आप अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव के लिए मेडिटेशन, योग और गहरी सांस लेने वाली एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे कोर्टिसोल का लेवल नॉर्मल आता है।

## सू-दोकू-133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.133का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

**एक नजर**

### बहनों ने कलेक्टर परिसर में भूतपूर्व सैनिकों को बांधी राखी



**रायगढ़, 8 अगस्त।** कलेक्टोरेट परिसर स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में रक्षा सूत्र कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस दौरान रायगढ़ की बहनों ने जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राखी बांधकर उन्हें स्नेह और सुरक्षा का प्रतीक रक्षा सूत्र भेंट किया। महिलाओं ने भूतपूर्व सैनिक श्री बालकिशन राम, श्री अनिल वर्मा, श्री उदय कुमार, श्री मित्रशील, श्री गोरे लाल, श्री सुधीर साहू, श्री हेमंत एवं श्री रामनिवास को राखी बांधकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर गीता दास, विजयलक्ष्मी, मेहरूनीसा, पवित्रा, दीपिका, हराबाई, गंगा, विंकी, गीता और पूर्णिमा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### खनिज ऑनलाइन 2.0 पोर्टल पर पट्टेदारों एवं हितधारकों को दिया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 8 अगस्त।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग द्वारा खनिज ऑनलाईन 2.0 पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उपयोग के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिला कार्यालय रायगढ़ स्थित सृजन सभाकक्ष में 6 अगस्त को सम्पन्न हुआ, जिसमें रायगढ़ एवं कोरबा जिले के समस्त पट्टेदारों एवं संबंधित हितधारकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य नवीन पोर्टल खनिज ऑनलाईन 2.0 के कार्यप्रणाली, उपयोगिता तथा उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न मॉड्यूल्स, डिजिटल प्रक्रिया, स्वीकृति प्रबंधन, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं पारदर्शिता के उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई।>

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संबंध में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**रायगढ़, 8 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत की अध्यक्षता में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय स्थित आरोग्यम् सभा कक्ष में समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, सिकलसेल, राष्ट्रीय कुष्ठ एवं क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम आदि की विस्तृत समीक्षा की गई।

### महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने सखी वन स्टॉफ सेंटर का निरीक्षण किया

**महासमुंद,8 अगस्त।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया ने सखी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास में गुरूवार को महासमुंद के सखी वन स्टॉप सेंटर निरीक्षण कर यहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सखी वन स्टाप सेंटर में महिलाओं को एक ही छत के नीचे दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी एवं सखी वन स्टाप सेंटर में अब तक प्राप्त प्रकरणों के बारे में जानकारी ली। इस सम्बन्ध में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री टिक्केन्द्र जाटवर ने जानकारी प्रदान किया।श्रीमती कोसरिया ने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को हर जगह सुरक्षा का एहसास होना चाहिए। इसके लिए उचित वातावरण और जरूरी व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर में आने वाली महिलाओं को समय पर हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उपस्थित अधिकारी एव कर्मचारियों ने बताया कि हिंसा के मामलों में पीड़ित महिलाओं सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा निःशुल्क कानूनी, पुलिस, मनोवैज्ञानिक परामर्श चिकित्सकीय सुविधा एवं साथ ही अस्थायी आश्रय की सुविधा प्रदान की जाती है। महिलाओं की मदद के लिए टोल फ्री नंबर-181 भी जारी किया गया है।

### स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन

**महासमुंद, 8 अगस्त।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के प्रथम चरण का आज सफल समापन हुआ। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम ÷हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग÷ रखी गई है।प्रथम चरण के अंतिम दिन आज मिनी स्टेडियम से आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस तिरंगा यात्रा में जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय कुमार लहरे, डीएमसी श्री रेखराज शर्मा, एबीओ हीना ढाले, बीआरसीसी श्री जागेश्वर सिन्हा, खेल अधिकारी श्रीमती अंजली बरमाल एवं हितेन्द्र साहू,, गाइडर श्रीमती नीलू चंद्राकर, पीटीआई श्री हिरेन्द्र साहू, अंजली साहू, एनसीसी प्रभारी श्री कमलेश चंद्राकर, विभिन्न शालाओं के अध्यापकगण, एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स और 10 स्कूल के 600 स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान देशभक्ति नारों और तिरंगे की शान के गीतों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान मिनी स्टेडियम ग्राउंड पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा पीटी का प्रदर्शन का किया गया।कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम के बलिदान, एकता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है।

## जिला अधिवक्ता संघ धमतरी ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ को सौंपा ज्ञापन

# छग स्टेट बार काउंसिल चुनाव में धमतरी जिले के विलोपित अधिवक्ताओं को मिले मताधिकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 8 अगस्त।** प्रारंभिक मतदाता सूची में विधिवत रूप से नाम दर्ज होने के बावजूद अंतिम मतदाता सूची से धमतरी जिले के 200 से अधिक अधिवक्ताओं के नाम विलोपित कर दिये जाने पर जिला अधिवक्ता संघ धमतरी ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। इस संबंध में संघ के अध्यक्ष श्री भुनेश्वर के निर्देशानुसार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव श्री अमित वर्मा को ज्ञापन सौंपते हुए सभी विलोपित नामों को पुनः सूची में जोड़ने और उन्हें आगामी चुनाव में मतदान का अधिकार प्रदान करने की मांग की।

संघ के सचिव सौरभ मिश्रा ने कहा कि यह गंभीर विधिक चूक है जो अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन करती है। समय रहते त्रुटि सुधारकर योग्य अधिवक्ताओं को मताधिकार न दिया गया तो संघ उचित वैधानिक कार्यवाही के लिये बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्राधिकरण की होगी।

अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू (प्रत्याशी स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़) ने इस विलोपन को असंवैधानिक, अन्यायपूर्ण एवं अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना या आपत्ति के नाम हटाना चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने परिषद से मांग की कि सभी विलोपित नामों की जांच कर उन्हें मतदाता सूची में पुनः जोड़ा जाए।प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु वैधानिक एवं लोकतांत्रिक कदम उठाए जाएंगे।संघ के सचिव सौरभ मिश्रा, अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू (प्रत्याशी - छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद निर्वाचन 2025), अधिवक्ता ओम प्रकाश साहू (प्रत्याशी - छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद निर्वाचन 2025), अधिवक्ता प्रफुल्ल नाथ जोगी, अधिवक्ता अंतरा ठाकुर सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# छक्रांसे व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी से सैकड़ों जुड़े



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अगस्त।**निर्वाचन आयोग मे पंजीकृत राजनीतिक दल जोहार छत्तीसगढ पार्टी जो छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना का राजनीतिक विंग है का सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश मे जोरो से चल रहा है , शहरो कस्बो और गांव मे संगठन के पदाधिकारी पहुंच कर नये लोगो को सदस्य बना कर पार्टी से जोड रहे है।

सिमगा खड (ब्लाक) स्तरीय सदस्यता अभियान मे सिमगा शहर के अलावा अवरेठी ,बिनैका, चंदेरी,तुलसी, अकलतरा, रिंगनी, केसदा, झिरिया, सीतापार, हथबंद, पौसरी, डोगरिया, मर्राकोना, मोटियारीडीह, भैसा, गांवो से पहुचे 65 लोगो को सदस्यता पर्ची काटकर पार्टी मे स्वागत किया गया । विप्र भवन सिमगा मे छत्तीसगढ महतारी की आरती-वंदना पश्चात गांव से आये लोगो ने अपना परिचय दिया।जोहार छत्तीसगढ पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु ने स्वागत भाषण मे सभी बहनो भाईयो से क्षेत्रीय राजनीतिक दल मे जुडकर महतारी सेवा के लिये आगे आने आह्वान किया । इस अवसर पर जोहार छत्तीसगढ पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रवक्ता चन्द्रकांत यदु ने पार्टी गठन के उद्देश्य, विचारधारा व वर्तमान समय मे क्षेत्रीय राजनीतिक दल की आवश्यकता पर विस्तार से बताया साथ ही वर्तमान भाजपा सरकार के नितीयो की आलोचना कर सरकारी स्कूल को बंद करने , हसदेव जंगल को और काटकर अडानी को देने ,नये शराब दुकान खोलने,किसानो को खाद उपलब्ध नही करा पाने आदि मुद्दो पर पूरी तरह असफल बताया। छत्तीसगढ व छत्तीसगढियो की लगातार उपेक्षा जारी है जिसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी कोई विरोध, प्रदर्शन आंदोलन न कर चुप अपने नेतावो को बचाने मे लगा है । जिन प्रमुख लोगो ने आज सदस्यता लिया उनमे चंदेरी के पूर्व सरपंच विशालदास मानिपुरी संतोष धीवर व साथी ,सिमगा के रामेश्वर देवांगन, खिलावन देवांगन, अश्विनी यादव,लोकनाथ देवांगन व साथी रितेश निषाद तुलसी, कौशल साहू,संतोष वर्मा, देवानंद मंडावी,खुबीराम साहू, कामता प्रसाद साहु,संतोष साहू ,श्रीमती मैना साहू,श्रीमती अन्नपूर्णा देवांगन, श्रीमती लता साहू, ने सदस्यता ग्रहण की ।कार्यक्रम मे छकासे के जिला अध्यक्ष सनत यदु ,नरेश वर्मा जितेंद्र साहू,राजू वर्मा,विनोद वर्मा जितेंद्र वर्मा, देवप्रसाद तोरण निषाद, लेखराम वर्मा तोरण साहू ,संतोष साहू,श्रीमती कुमारी वर्मा, श्रीमती आरती कुर्रे ,सावित्री यदु उपस्थित रहे ।

### अजगर को मोटरसाइकिल से घसीटने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर 8 अगस्त ।** सोशल मीडिया पर 31 जुलाई 2025 की शाम एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा अजगर सांप को रस्सी से बांधकर मोटरसाइकिल से घसीटते हुए दिखाया गया था। यह अमानवीय घटना कांकेर शहर की बताई गई। वन मंडलाधिकारी कांकेर ने बताया कि उक्त वीडियो के सामने आने के बाद इसे वन विभाग के अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग के सहयोग से वन विभाग ने आरोपी की पहचान सुरेश जैन पिता हलाल राम जैन, निवासी आतुरगांव के रूप में की। वन मंडलाधिकारी ने बताया कि मामले में वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 और 51 के तहत 5 अगस्त को प्राथमिक वन अपराध दर्ज किया गया।

# गांवों में सुरक्षा के लिए होंगे हाथी मितान और हाथी वार्ता केंद्र



**रायगढ़, 8 अगस्त।** धरमजयगढ़ वनमंडल अंतर्गत धरमजयगढ़ परिक्षेत्र के ओंगना गांव में हाथी-मानव संघर्ष को कम करने एवं ग्रामीणों को हाथियों की समय पर उपस्थिति एवं हाथी व्यवहार, हाथी से सुरक्षा संबंधी जानकारी देने हेतु एक महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत की गई।

इस अभियान के तहत गांव में एक व्यक्ति को हाथी मितान के रुप में चिन्हित कर चयन किया गया। यह हाथी मितान ग्रामीणों को हाथियों से जुड़ी हाथी व्यवहार, हाथी से सुरक्षा, हाथी की जंगल में उपस्थिति की जानकारी देंगें। साथ ही साथ सतर्कता बरतने के उपाय एवं हाथी मानव सहजीविता के बारे में लोगों से चर्चा परिचर्चा के माध्यम से बताएगा। मुख्य रुप से इस अभियान के तहत गांव में एक हाथी उपस्थिति, हाथी व्यवहार, हाथी से सुरक्षा संबंधी चर्चा परिचर्चा करने हेतु हाथी वार्ता केन्द्र स्थापित किया गया है, जहां पर आकर ग्रामीण हाथी मितान से हाथी संबंधी चर्चा परिचर्चा करेंगें।हाथी वार्ता केन्द्र में गांव का नक्शा बनाकर हाथी से संवदेनशील घरों, जंगल किनारे से लगे घरों एवं अन्य स्थलों को चिन्हांकित कर उनका मोबाईल नम्बर लेकर अभिलेख के रुप में रखा गया है। जिससे त्वरित रुप से संबंधित घरों के लोगों को सूचना देकर उनको सुरक्षित किया जा सके। हाथी वार्ता केन्द्र में हाथी मितान से कोई भी ग्रामीण हाथी के संबंध में जानकारी ले सकते है। इस अभियान की शुरुआत में ग्रामीणजन, स्कूली बच्चे सम्मिलित हुये, जिनको हाथी जानकारी संबंधी पाम्पलेट बाटकर जानकारी दी गई।

वन विभाग द्वारा हाथी मानव द्वंद को कम करने का एक प्रयास है। इस अभियान से हाथियों की गतिविधियों की जानकारी समय रहते ग्रामीणों को मिल सकेगी, जिससे वे अपने आपको एवं अपने परिवार को सुरक्षित रख सकेगें। उक्त अभियान से वन विभाग एवं ग्रामीणों के बीच हाथी को लेकर एक सकारात्मक सहयोग मिलेगी।

# पुलिस ने निभाया भाई का फर्ज, 25 बच्चों को मिलवाया उनके अपनों से

**रायगढ़, 8 अगस्त।** इस बार रक्षाबंधन जिले के 25 परिवारों के लिए सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक पुनर्मिलन का पर्व बन गया। जिले की 24 बालिकाएं और एक बालक, जो किसी कारणवश अपने परिजनों से बिछुड़ गए थे, अब फिर से अपने घर लौट आए हैं। यह संभव हो सका है रायगढ़ पुलिस की सराहनीय पहल से, जिसने न केवल कानून का पालन किया, बल्कि भाई का फर्ज भी पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ निभाया।

जुलाई माह में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में जिले भर में चलाए गए %ऑपरेशन मुस्कान' के तहत रायगढ़ पुलिस ने 25 गुमशुदा नाबालिगों को खोजकर उनके परिजनों से मिलवाया। सभी गुमशुदा बच्चे रायगढ़ सहित प्रदेश के अन्य जिलों और बाहरी राज्यों से दस्तयाब किए गए। बच्चों की वापसी से रक्षाबंधन पर्व इस बार इन परिवारों के लिए विशेष बन गया है। बहनों को अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने का अवसर मिलेगा। अब जब 9 अगस्त को रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया जाएगा, ये 24 बहनें अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास की राखी बांध सकेंगी, वहीं वह बालक भी अपनी बहन से राखी बंधवा सकेगा।बता दें कि शासन के निर्देशानुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जूटमिल ने सबसे ज्यादा 6 बच्चों को खोजा, जबकि कोतरारोड़ थाना ने 4, पूंजीपथरा व कापू थाना ने 3-3, चक्रधरनगर थाना ने 2 और कोतवाली, पुसौर, तमनार, घरघोड़ा, भूपदेवपुर, खरसिया चौकी व रैरूमाखुर्द चौकी ने 1-1 बच्चे की सफल दस्तयाबी की। गौरतलब है कि जून माह में भी रायगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन तलाश के माध्यम से गुमशुदा व्यक्तियों को खोजने में प्रभावशाली कार्य किया था। पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने गुमशुदा मामलों को गंभीरता से लेते हुए सभी थाना-चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है

# हर घर तिरंगा,हर घर स्वच्छता अभियान 15 अगस्त तक गांवों में चलेगा

**रायगढ़, 8 अगस्त।** शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता- स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह अभियान 8 से 15 अगस्त तक जनभागीदारी और सामुदायिक सहयोग से जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्वच्छता को बढ़ावा देना और नागरिकों में देशभक्ति के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों एवं विकासखंडों में तिरंगा यात्रा, स्वच्छता शपथ, विशेष सफाई अभियान एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव के अंतर्गत जल एवं स्वच्छता के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति और स्थायी स्वच्छता को सुनिश्चित करना है।

कलेक्टर ने अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिले के सभी ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने एवं ग्राम जल स्वच्छता समिति स्वच्छाग्रही, स्व-सहायता समूह, पंचायती राज संस्थाओं, स्कूली बच्चों, स्वच्छता प्रेरकों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए है।



**सिमगा, 8 अगस्त।** सिमगा भाई बहन व रक्षा का प्रतीक है रक्षाबंधन रक्षाबंधन के दिन दूर दूर से अपने भाई को राखी बांधने बहने रक्षाबंधन त्यौहार मनाने आएंगे। रक्षाबंधन त्यौहार के मौके पर राखिओं से सजी बाजार और मिठाईओं की दुकान रक्षाबंधन में बहने मांगेंगे भाई से रक्षा की वचन।



### न्यू कम्युनिटी हॉल में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कांकेर,8 अगस्त ।** नगर के न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में आज निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं निजी क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम के जन्म दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकार के तहत उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

# जिले में पीएम सूर्यघर योजना' से रोशन हो रहे 197 घर

**रायगढ़, 8 अगस्त।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना' के तहत रायगढ़ जिले में अब तक 197 घरों में सौर रूफटॉप सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे सैकड़ों परिवारों को न केवल बिजली बिल से मुक्ति मिल रही है, बल्कि वे अब ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। स्थापित सोलर रूफटॉप सिस्टम से हर घर को औसतन 3 से 5 हजार रुपए तक की सीधी बचत हो रही है। कई हितग्राही ग्रिड में अतिरिक्त बिजली भेजकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं। इससे घरों का खर्च घटा है और आर्थिक स्थिति में मजबूती आई है। यह योजना केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को अपनाकर कार्बन उत्सर्जन में भी कमी लाई जा रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान मिल रहा है।प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत 1 किलोवॉट क्षमता के सोलर प्लांट से प्रतिमाह औसतन 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है, जिस पर रुपए 30,000 केंद्र से व रुपए 15,000 राज्य से, कुल रुपए 45,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है। उपभोक्ता को लगभग रुपए 15,000 स्वयं वहन करने होते हैं। इसी प्रकार 2 किलोवॉट प्लांट के लिए प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है, जिस पर रुपए 90,000 तक कुल सब्सिडी (रुपए 60,000 केंद्र + रुपए 30,000 राज्य) मिलती है। उपभोक्ता को केवल रुपए 30,000 खर्च करना होता है। 3 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है, और इसमें रुपए 78,000 केंद्र + रुपए 30,000 राज्य यानी कुल रुपए 1,08,000 की सहायता मिलती है। उपभोक्ता को रुपए 72,000 वहन करना पड़ता है, जो ऋण पर भी उपलब्ध है।

# ग्राम हरिनभट्ठा स्कूल में राखी उत्सव समारोह का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 8 अगस्त।** सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरीनभट्ठा के शासकीय स्कूल में राखी उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सभापति चन्द्र प्रकाश टोंडे उपस्थित हुए।

टोंडे ने स्कूल परिसर मे सरस्वती माँ की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया, ग्राम हरिनभट्ठा के स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों द्वारा बहुत ही सराहनीय पहल किया गया ओ स्कूल के जितने भी पढ़ने वाले बच्चे है वे सभी ने अपने हाथो से राखी बनाया, और घर सजाने के लिए पैर दान , स्कूल बैग, मोबाइल रखने का डिजाइन कवर, मोंजा, जूता , टी शर्ट , शर्ट, पेंट आदि बनाए है।

आपको बता दे की सिमगा ब्लॉक का यह एक ऐसा स्कूल हरिनभट्ठा मे है जहां के बच्चे अपने हाथो से उन के कपड़े के सहारे से विभिन्न प्रकार के डिजाइन भी बनाते है।स्कूली बच्चों के इस कलाकारी को देखकर मुख्य अतिथि चन्द्र प्रकाश टोंडे ने बहुत ही ज़्यदा काफी प्रसन्नता व्यक्त किया है।साथ ही जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन सहित आसपास के जनप्रतिनिधिओ ने भी इस पहल को देखकर बहुत ही खुश नजर आए।इस अवसर पर आशीष शर्मा स्कूल शिक्षिका अर्चना साहू सुखिराम साहू, शिवकुमारी, मंजू यादव आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

**समाचार संक्षेप**

### बोतल्दा में सड़क किनारे घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर किया गया शिफ्ट



**रायगढ़, 8 अगस्त।** सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों से मवेशियों को व्यवस्थित रूप से हटाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। गत दिवस आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम, नगरीय निकायों के सीएमओ और जनपद पंचायतों के सीईओ को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मवेशियों की वजह से हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर तत्काल अमल किया जाए।इसी कड़ी में खरसिया अनुविभाग अंतर्गत ग्राम बोतल्दा में सड़क किनारे घूम रहे मवेशियों को स्थानीय निकाय के सहयोग से सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। एसडीएम खरसिया श्री प्रवीण तिवारी ने बताया कि मवेशियों के लिए चारा, पानी और देखरेख की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे अन्य ग्रामों जैसे चपले और चोढ़ा में भी मवेशियों को सड़क मार्ग से सुरक्षित स्थान पर हटाने की कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है, जिससे मवेशियों की वजह से सड़क पर उत्पन्न खतरे को रोका जा सके।

### वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत डोंगीतराई ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित

**रायगढ़, 8 अगस्त।** भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशों के अनुसार, 01 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है। जिसमें जिला प्रशासन के सहयोग से बैंकों द्वारा जिले के सभी 549 ग्राम पंचायतों में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में जनधन एवं सभी निष्क्रिय खातों में केवायसी, जनधन खाता खोलना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन खाते खोलना, नामांकन का कार्य किया जाना है। गौरतलब है कि वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अनुसार बैंक खाते का पुनः केवाईसी समय-समय पर किया जाता है जिससे खाताधारक सुचारु रूप से अपने खाते का संचालन जारी रख सकें। इसी क्रम में आज रायगढ़ जिले के रायगढ़ ब्लॉक के डोंगीतराई ग्राम पंचायत में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी बैंक-भारतीय स्टेट बैंक खरसिया एवं कबीर चौक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक खरसिया, किरोड़ीमल, कुसमुरा एवं पुटकापुरी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र रायगढ़, रायगढ़ शाखा ने भाग लिया।

### राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने एम-पैक्स के व्यापार विविधीकरण विषय पर दिया प्रशिक्षण



**महासमुंद, 8 अगस्त।** राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा गुरुवार को महासमुंद में एम-पैक्स के व्यापार विविधीकरण विषय पर एक दिवसीय भौतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 एवं सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंत्रालय की 60 नई पहलों में से एक के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न पैक्स के 100 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पैक्स एवं एफपीओ सदस्यों को व्यापार विविधीकरण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था।कार्यक्रम के संयोजक एवं एनसीडीसी क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक श्री किंचित जोशी ने प्रतिभागियों को सत्रों को ध्यानपूर्वक सुनने, समझने एवं विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पूछने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने एनसीडीसी की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उपयुक्त प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने का भी आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि श्री द्वारिका नाथ, उपायुक्त (सहकारिता) एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, महासमुंद ने सहकारिता मंत्रालय की पहलें, मॉडल उपनियम, सीएसी संचालन तथा पैक्स कम्प्यूटरीकरण पर व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में श्री अविनाश शर्मा, नोडल अधिकारी, डीसीसीबी रायपुर शाखा महासमुंद ने एम-पैक्स पर अपने विचार साझा किए।

### जिले में 800.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 8 अगस्त।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 7 अगस्त तक 800.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 865.4 मिली मीटर, पुसौर में 798.3, खरसिया में 711.7, घरघोड़ा में 836.6, तमनार में 563.5, लैलूंगा में 743.3, मुकडेगा में 1011.7, धरमजयगढ़ में 745.8, छाल में 724.5 एवं कापू में 1007.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

एक नजर

## राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने जीते पदक




**भिलाई, 8 अगस्त।** केरल के कोझिकोड में चल रही राष्ट्रीय मास्टर्स पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ टीम के मास्टर्स खिलाड़ियों ने पदक जीतने में सफलता हासिल की है । पदक विजेता खिलाड़ियों के परिणाम इस प्रकार हैं - पुरुष वर्ग- 66 किलो (अंडर-70, मास्टर-3, इक्विप्ड) में अखिलेश पांडेय ने स्क्वाट इवेंट में 115 किग्रा, बेंच प्रेस में 90 किग्रा (रजत पदक) तथा डेडलिफ्ट में 145 किग्रा लिफ्ट कर अपने ग्रुप में कांस्य पदक जीता है। पुरुष वर्ग- 105 किलो (अंडर-70, मास्टर-3, इक्विप्ड) में पतंजलि झा ने स्क्वाट इवेंट में 117 किग्रा, बेंच प्रेस में 80 किग्रा (रजत पदक) तथा डेडलिफ्ट में 145 किग्रा लिफ्ट कर अपने ग्रुप में चौथा स्थान प्राप्त किया है। महिला वर्ग - प्लस 84 किलो (अंडर-50, मास्टर-1, क्लासिक) में सुश्री पद्मिनी शर्मा ने स्क्वाट इवेंट में 140 किग्रा (रजत पदक), बेंच प्रेस में 67 किग्रा (कांस्य पदक) तथा डेडलिफ्ट में 145 किग्रा लिफ्ट कर अपने ग्रुप में कांस्य पदक जीता है। छत्तीसगढ़ टीम की इस सफलता के लिए टीम के खिलाड़ी कोच/मैनेजर-रेफ़री नस्कर टंडन, महेश पटेल एवं आसिफ़ अली का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन खिलाड़ियों को राज्य संघ के महासचिव एवं जाने-माने अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कृष्णा साहू ने विशेष शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं ।

# भारत अब वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका से खेलेगा टेस्ट

## होंगे 4 मैच, दोनों जीतकर टॉप-2 टीमों में जगह बना सकता है इंडिया

**नई दिल्ली, 8 अगस्त।** भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रॉ खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 पॉइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है।

ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप-2 टीमें WTC का नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं।

3 टेस्ट जीत से 100त्न पॉइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया नंबर-1 पर है। वहीं 1 जीत और 1 ड्रॉ से 67त्न पॉइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला।

सीरीज ड्रॉ तो भारत को इंग्लैंड से ज्यादा पॉइंट्स क्यों? एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं दोनों के बीच 1 मुकाबला



ड्रॉ रहा। एक जीत से 12 पॉइंट्स और 1 ड्रॉ से 4 पॉइंट्स मिलते हैं। इसलिए दोनों टीमों को पॉइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर ICC ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 पॉइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 पॉइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई।

भारत अब अक्टूबर में सीरीज खेलेगा WTC के एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी।

होमग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 पॉइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70त्न पॉइंट्स के साथ भारत पॉइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67त्न पॉइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रॉ रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे।

अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज 2026 में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी। भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी।

पिछला फाइनल नहीं खेल सका था भारत WTC की शुरुआत ICC ने 2019 में की। इसके तहत 9 टीमें 2 साल तक आपस में 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं। 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विदेशी टीम के होमग्राउंड पर। सभी सीरीज के खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 पोजिशन पर रहने वाली टीमों को फाइनल में एंट्री मिलती है।

2021 में भारत और न्यूजीलैंड ने फाइनल में जगह बनाई, जहां साउथैम्प्टन के स्टेडियम में टीम इंडिया को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। 2023 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई, लेकिन टीम को द ओवल में 209 रन से हार का सामना करना पड़ गया। 2025 में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल हुआ, द लॉर्ड्स स्टेडियम में प्रोटियाज टीम ने 5 विकेट से बाजी मारी और पहली बार ICC का वर्ल्ड टूर्नामेंट अपने नाम किया।

## काउंटी क्रिकेट में तिलक का अर्धशतक



**हैम्पशायर, 8 अगस्त।** भारतीय टी-20 स्पेशलिस्ट तिलक वर्मा ने इंग्लैंड में चल रहे काउंटी क्रिकेट लीग के वनडे कप में गुरुवार को साउथंप्टन में खेले गए ग्रुप-ए मुकाबले में अपनी टीम हैम्पशायर के लिए एसेक्स के खिलाफ 54 रन की पारी खेली। उन्होंने जो वीदरली के साथ 98 रन की पार्टनरशिप भी की। वीदरली ने इस मैच में नाबाद शतक जड़ा। हैम्पशायर ने इस मैच में एसेक्स को 5 विकेट से हराया। हैम्पशायर इस जीत के साथ पॉइंट टेबल में टॉप पर पहुंच गई है, जबकि दो मैचों में दो हार के साथ एसेक्स फिलहाल आठवें स्थान पर है। एसेक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 285 रन बनाए। 286 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी हैम्पशायर ने 46.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 288 रन बना लिए।

इससे पहले हैम्पशायर के कप्तान निक गबिन्स ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। एसेक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास के अर्धशतकों की बदौलत स्कोर बोर्ड पर 285 रन बना दिए थे। एलिसन ने 80, वेस्ले ने 61 जबकि दास ने 50 रन बनाए थे। हैम्पशायर की ओर से काइल एबॉट, एडी जैक, डॉमिनिक केली और एंड्र्यू नील को दो-दो सफलता हाथ लगी थी। 286 रनों का पीछा करते हुए हैम्पशायर को कप्तान निक गबिन्स और अली ओर ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 58 रन की पार्टनरशिप हुई। अली 29 रन बना कर आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद नंबर-3 पर तिलक बल्लेबाजी करने आए, उन्होंने आते ही कुछ अच्छे शॉट्स लगाए लेकिन 80 रन के स्कोर पर गबिन्स (40) आउट हो गए। उसके बाद तिलक ने जो वीदरली के साथ तीसरे विकेट के लिए 91 गेंदों पर 98 रन की पार्टनरशिप की। तिलक ने अपना अर्धशतक पूरा किया, लेकिन 54 रन पर वह वेस्ले की गेंद पर बोल्ड हो गए। तिलक ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के भी लगाए। तिलक के आउट होने के बाद वीदरली ने एक छोर संभाले रखा और अंत तक नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए हैम्पशायर को जीत दिलाई। हैम्पशायर ने ये मुकाबला 22 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से अपने नाम किया। तिलक पिछले मुकाबले में ग्लमॉर्गन के खिलाफ बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। हालांकि इससे पहले लाल गेंद से उन्होंने हैम्पशायर के लिए चार मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक भी जड़ा था। तिलक इसी महीने दलीप ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे।

## दलीप ट्रॉफी में नॉर्थ जोन की कप्तानी करेंगे गिल



**मुंबई, 08 अगस्त।** इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते नजर दिखेंगे। उन्हें डोमेस्टिक सीजन के पहले टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन का कप्तान बनाया गया है। गिल के अलावा, भारतीय विकेटकीपर ध्रुव जुरेल सेंट्रल जोन के कप्तान बनाए गए हैं। शुक्रवार को दोनों जोन की टीमें जारी की गई हैं। पिछले हफ्ते भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल को वेस्ट जोन का कप्तान बनाया गया था, जबकि गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को वेस्ट जोन की कमान सौंपी गई है। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा साउथ जोन के लिए दलीप ट्रॉफी 2025 में खेलेंगे और टीम की कप्तानी भी करेंगे। दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से शुरू हो रही है।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। उनकी टीम में आयुष बडोनी, यश धुल, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और अंशुल कम्बोज जैसे खिलाड़ी हैं। नॉर्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा।

गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ 76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड दौरे में 4 शतकों के सहारे 754 रन बना हैं। उनके साथ खड़े यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों में 411 रन बनाए।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड दौरे में 4 शतकों के सहारे 754 रन बना हैं। उनके साथ खड़े यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों में 411 रन बनाए।

## पाकिस्तानी क्रिकेटर हैदर मैच के दौरान गिरफ्तार, रेप का आरोप



**कैंटरबरी, 8 अगस्त।** पाकिस्तान के युवा बैटर हैदर अली को इंग्लैंड में रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला 3 अगस्त का है, जानकारी अब सामने आई है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक 24 साल के बल्लेबाज हैदर पाकिस्तान ए टीम (पाकिस्तान शाहीन) का हिस्सा हैं।

3 अगस्त को वह कैंटरबरी मैदान में MCSAC (मेलबर्न क्रिकेट क्लब की टीम) के खिलाफ मैच खेल रहे थे। तभी ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस उन्हें मैदान से ही गिरफ्तार करके ले गई। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया है ताकि वे देश से बाहर न जा सकें। इस घटना के सामने आने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हैदर अली को फिलहाल सस्पेंड कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'हैदर पर रेप का आरोप लगाने वाली लड़की पाकिस्तानी मूल की है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक प्रवक्ता ने कहा, 'हमें गिरफ्तारी की जानकारी दी गई। हैदर को जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया गया है, और हम च में अपनी जांच करेंगे। बोर्ड इस मुश्किल समय में हैदर की कानूनी मदद करेगा।' पाकिस्तान ए टीम 17 जुलाई से 6 अगस्त तक K के दौरे पर थे और उन्होंने दो तीन-दिवसीय मैच खेले, दोनों ड्रॉ रहे। वहीं तीन मैचों की वनडे सीरीज को 2-1 से जीती। कप्तान सऊद शकील और हैदर को छोड़कर ज्यादातर खिलाड़ी बुधवार को K से लौट आए। सऊद शकील निजी कारणों से दुबई में रुके हुए हैं।

हैदर अली को एक समय पाकिस्तान क्रिकेट का उभरता सितारा माना जाता था। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 2 वनडे और 35 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। हैदर ने 2020 अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी हिस्सा लिया था, जहां भारत के यशस्वी जायसवाल के साथ उन्हें पाकिस्तान के सबसे होनहार खिलाड़ियों में गिना गया था।

हैदर की इंटरनेशनल क्रिकेट टीम में वापसी मुश्किल

इस घटना से हैदर अली की इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी मुश्किल हो सकती है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए आखिरी टी-20 साल 2023 में खेला था। पाकिस्तान टीम के टी-20 और वनडे टीम के कोच माइक हेसन इस महीने शारजाह में होने वाली टी-20 ट्राई सीरीज के लिए हैदर को वापस लाने की योजना बना रहे थे। हेसन च दौरे के दौरान हैदर की फॉर्म और रवैये से प्रभावित थे। इस घटना ने अब उनके करियर को गंभीर खतरे में डाल दिया हैदर का करियर पहले भी विवादों में रहा है। 2021 में अबू धाबी में आयोजित पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान उन्होंने कोविड-19 प्रोटोकॉल तोड़े, जिसके कारण उन्हें इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के दौरे से बाहर कर दिया गया था।

व्यापार

# अमेरिका को भारत का झटका करोड़ों की सैन्य डील रद्द




**नई दिल्ली, 08 अगस्त ।** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ भारत के तेल व्यापार की वजह से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। भारत सरकार ने भी अमेरिका के इस रवैए का जवाब देने का मन बना लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के खिलाफ भारत सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए एक अहम सैन्य डील रद्द कर दी है। डिफेंस वेबसाइट आईडीआरडब्ल्यू की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने तीन अगस्त को इस सौदे को रोकने का फैसला लिया।

दरअसल, भारत ने अपनी नौसेना के लिए अमेरिका की बोइंग कंपनी से छह पी-8ढ्ढ पोसेडन विमान खरीदने का सौदा किया था। ये विमान समुद्र में निगरानी के उपयोग में लाए जाने थे। भारतीय नौसेना को इन विमानों की जरूरत है। ये अमेरिकी विमान बेहद आधुनिक और उन्नत हैं। अरब सागर से लेकर हिंद महासागर तक में चीन के बढ़ते प्रभाव पर नजर रखने के लिए अहम हैं। लेकिन, फिलहाल यह डील रोक दी गई है। भारतीय नौसेना के पास पहले से ऐसे 12 विमान हैं। भारत ने 2009 में बोइंग से विमान खरीदे थे और इन विमानों को खरीदने वाला अमेरिका का पहला खरीदार बना था। उस वक्त लागत भारतीय रुपए में करीब 19 हजार करोड़ रुपए आई थी।

2016 में भारत ने 4 विमान और खरीदे थे, जिस पर 8,500 करोड़ की लागत आई थी। भारतीय नौसेना ने इस विमान की क्षमता और दक्षता की प्रशंसा की थी। इसके बाद 2021 में 6 और विमान खरीदे जाने थे, जिसकी मंजूरी अमेरिका दे चुका था। लागत 21,000 करोड़ होने की वजह से डील को रोका गया था। 2025 में सौदे की लागत 31,500 करोड़ हो गई थी, इसके बावजूद भारत सरकार ने इन विमानों की खरीद करने का फैसला लिया था। लेकिन, फिलहाल डील को स्थगित कर दिया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिका और यूरोपीय संघ पर भारत पर अनैतिक और अतार्किक टैरिफ लगाने का आरोप लगाया था। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि यूरोपीय संघ का व्यापार रूस से भारत की अपेक्षा ज्यादा है। अमेरिका भी मास्को के साथ व्यापार करता है। ऐसे में भारत पर टैरिफ लगाना अनुचित है।

## पहली तिमाही के नतीजों के बाद एलआईसी के शेयरों में मजबूती




**नई दिल्ली, 8 अगस्त।** एलआईसी के शेयर शुक्रवार को बीएसई पर 4.69 प्रतिशत चढ़कर 927 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई में यह 4.75 प्रतिशत बढ़कर 927.10 रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी ने गुरुवार को बताया कि पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 5 प्रतिशत बढ़कर 10,987 करोड़ रुपये हो गया और चालू वित्त वर्ष में उसके मुनाफे में दोहरे अंकों में वृद्धि का विश्वास जताया। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एलआईसी के शेयरों में शुक्रवार को करीब 5 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी ने पहली तिमाही में शुद्ध लाभ में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और चालू वित्त वर्ष में मुनाफे में दोहरे अंक की वृद्धि का भरोसा जताया है।

बीएसई पर शेयर 4.69 प्रतिशत चढ़कर 927 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई में यह 4.75 प्रतिशत बढ़कर 927.10 रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी ने गुरुवार को बताया कि पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 5 प्रतिशत बढ़कर 10,987 करोड़ रुपये हो गया और चालू वित्त वर्ष में उसके मुनाफे में दोहरे अंकों में वृद्धि का विश्वास जताया।

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने 2024-25 की पहली तिमाही में 10,461 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। एलआईसी ने नियामकीय सूचना में कहा कि जून तिमाही के दौरान कुल आय बढ़कर 2,22,864 करोड़ रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 2,10,910 करोड़ रुपये थी। एलआईसी के नवनियुक्त सीईओ व एमडी आर दोरईस्वामी ने कहा, हम लाभप्रदता बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। हम एक सम्मानजनक स्तर पर पहुंच जाएंगे और चालू वित्त वर्ष के दौरान मुनाफे में दोहरे अंकों की वृद्धि की उम्मीद है।

# प्रीमियम सुविधाओं वाली किफायती ट्रेन अमृत भारत

**नई दिल्ली 08 अगस्त।** सीतामढ़ी, बैरगनिया रक्सौल सिकटा नरकटियागंज और बगहा के लोगों को भारतीय रेल से बड़ी सौगात मिलने वाली है। रेल सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार की यात्रा पर आएंगे तो सीतामढ़ी से हरी झंडी दिखाकर सीतामढ़ी से दिल्ली के लिए साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेन को रवाना करेंगे। भारतीय रेल की ओर से बिहार को मिलने वाली यह सातवीं अमृत भारत ट्रेन है। इससे पहले जब देश में पहली बार अमृत भारत ट्रेनें बनकर तैयार हुई थी, तो उनका परिचालन दरभंगा से वाया अयोध्या आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच किया गया था।

सहरसा और मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन भी मोदी जी के द्वारा हरी झंडी दिखाई जाने के बाद किया गया। इसके अलावा पटना और नई दिल्ली के बीच दैनिक अमृत भारत एक्सप्रेस के साथ-साथ मोतिहारी से आनंद विहार के लिए और दरभंगा तथा मालदा टाउन से भाया भागलपुर, गया,सासाराम लखनऊ के लिए अमृत भारतीय एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है जिससे बिहार के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण मेक इन इंडिया प्रोग्राम के तहत इंटीग्रेटेड कोच फैक्ट्री में किया गया है। इसे खास तौर पर मध्य एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें स्लीपर और जनरल क्लास के डिब्बे लगे हुए हैं। आधुनिक सुविधाओं से लैस अमृत भारत ट्रेन के नए संस्करण में कई-नई सुविधाएं भी प्रदान की गई हैं, जिससे अमृत भारत 2.0 पहले से कहीं ज्यादा सुविधाजनक और हाईटेक हो गई है। अमृत भारत ट्रेन लो बजट में यात्रा करने का एक सुविधाजनक और विश्वसनीय माध्यम बन गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में जानकारी दी थी कि देश में 100 नए अमृत भारत रेक निर्माणाधीन हैं, जिन्हें भारतीय रेल के विभिन्न रूटों पर चलाया जाएगा। विदित हो कि अमृत भारत 2.0 ट्रेन के कोच में फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, फोल्डेबल बॉटल होल्डर जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

## अगस्त में नीतिगत दरें स्थिर रखना रिजर्व बैंक का तकनीकी कदम

## एसबीआई ने कहा- 2025 में कटौती की उम्मीद कम




**नई दिल्ली, 8 अगस्त।** आरबीआई के रेपो दरों को तटस्थ रखाने के फैसले को तकनीकी कदम के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय मुद्रास्फीति अनुमानों और विकास की गतिशीलता से प्रेरित है। रिपोर्ट में यह कहा गया कि वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही तक मुद्रास्फीति तीन प्रतिशत से नीचे रहने की उम्मीद है। लेकिन वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में यह तेजी से बढ़कर 4.9 प्रतिशत हो सकती है। ऐसी स्थिति में मजबूत जीडीपी वृद्धि की उम्मीदों के साथ, वर्तमान 5.5 प्रतिशत रेपो दर टर्मिनल दर साबित हो सकती है।

एसबीआई ने कहा कि हमारा मानना है कि अगर वित्त वर्ष 2026 के लिए आरबीआई के मुद्रास्फीति अनुमान सही रहते हैं तो 5.5 प्रतिशत रेपो दर अंतिम दर हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार 2025 में ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश सीमित है, क्योंकि नीतिगत कदम पहले ही उठाए जा चुके हैं और साल की पहली छमाही में जीडीपी वृद्धि दर मजबूत रहने की उम्मीद है। इससे ब्याज दरों कटौती की संभावना और बढ़ गई है।

हालांकि, अगर महंगाई कम रहती है, तो ब्याज दरों में अधिकतम 25 आधार अंकों की कटौती की गुंजाइश हो सकती है। हालांकि ऐसे किसी भी कदम का समय महत्वपूर्ण होगा। आरबीआई ने कहा था कि वह भाविष्य के निर्णयों को दिशा देने के लिए आने वाले आंकड़ों और घरेलू विकास-मुद्रास्फीति के रुझानों पर बारीकी से नजर रखेगा। अच्छे मानसून, स्वस्थ खरीफबुवाई, पर्याप्त जलाशय स्तर और भरपूर खाद्य भंडार को देखते हुए आरबीआई ने महंगाई दर को घटाने का फैसला किया। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 26 के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति अनुमान को 60 आधार अंकों से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)**

दूरभाष : (0771) 2331431 फैक्स : (0771) 4055885
ईमेल : se1.raipur@gov.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

ज्ञाप क्र. 7014/40-183/सा.25 रायपुर, दिनांक 4/08/2025

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निम्नलिखित निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है:-

| क्र. | कार्य का नाम | एन.आई.टी क्र. निविदा क्र. | आमंत्रण दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | ROAD MARKING & ROAD FURNITURE WORK FOR VARIOUS ROAD UNDER SURVEY SUB DIVISION, RAIPUR (C.G.) | 182 171050 | 15-07-2025 |
| 2 | ROAD FURNATURE WORK AT VARIOUS ROADS UNDER P.W.D. SUB DIVISION NO.-1 RAIPUR (C.G.) | 183 171049 | 15-07-2025 |

जी.नं.-252602259

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

जी-252602689/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि. संभाग बलौदाबाजार (छ.ग.)**
**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-5207/NIT-3/2025-2026/व ले लि दिनांक 05/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | :- | 19/08/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक |
| ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | :- | 25/08/2025 अपरान्ह 5:30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | :- | 28/08/2025 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक |

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 3 T0040 | सिविल कोर्ट भाटापारा में शौचालय का निर्माण कार्य। | 8.38 6500.00 130000.00 |
| 3 T0041 | सिविल कोर्ट सिमगा में शौचालय का निर्माण कार्य। | 8.38 6500.00 130000.00 |
| 3 T0042 | सिविल कोर्ट कसडोल में शौचालय का निर्माण कार्य। | 8.38 6500.00 130000.00 |

शर्तः- 100/- रू. स्टाम्प निर्धारित शपथ पत्र पर नोटराइज्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

"It mandatory for the C & D Class Bidder to submit the list of ongoing work/works in hand in the Annexure-A (enclosed). If the total value of ongoing work/works in hand is more than 2.5 times tha capacity as specified for C & D class bidders. the bidder will be disqalified."

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग
बलौदाबाजार (छ.ग.)

जी-252602683/3

छग स्टेट क्रिकेट संघ ने किया वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन

# राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मिला सम्मान



**रायपुर, 8 जुलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (CSCS) ने 7 अगस्त 2025 को मायरा रिसॉर्ट एंड कन्वेंशन सेंटर, उमरिया रायपुर में वार्षिक पुरस्कार समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया. समारोह में वर्ष 2024-25 में राज्य एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया. इस मौके पर विभिन्न आयु वर्ग और फॉर्मेट में महिला व पुरुष खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्राइज मनी देकर सम्मानित किया गया. सीनियर कैटेगरी में आयुष पांडेय को प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला, जिन्होंने घरेलू टूर्नामेंट्स में 1165 रन बनाए. जूनियर कैटेगरी में विकल्प तिवारी को यह सम्मान हासिल हुआ.

CSCS डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि स्वर्गीय महमूद हसन को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और मुझे लाइफटाइम एक्सीलेंस अवॉर्ड प्रदान किया गया. कार्यक्रम में CSCS के प्रमुख पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे. भाटिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट की मौजूदा सफलता खिलाड़ियों की मेहनत, कोचिंग और संघ की नीतियों का परिणाम है, और ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

# राखीः ट्रेनों में जबर्दस्त भीड़, स्लीपर व एसी फुल

**अगले आठ दिनों तक स्लीपर व एसी की तीनों कोचों में सीट नहीं**



**रायपुर, 8 अगस्त।** 9 अगस्त को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र से गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों में पिछले एक हफ्ते से जबर्दस्त भीड़ यात्रा कर रही है। आज रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले आठ दिनों तक स्लीपर कोच एवं एसी की तीनों कोचों में सीट उपलब्ध नहीं है। वहीं लंबी वेटिंग के चलते कई यात्रियों ने अपनी यात्रा कैंसिल कर दी है। ज्ञातव्य है कि रेलवे द्वारा देश के प्रमुख तीज त्योहारों पर पूजा स्पेशल ट्रेन चलाई जाती है। किंतु इस बार रक्षाबंधन के अवसर पर स्पेशल ट्रेनों के नहीं चलने से कई भाई एवं बहन रक्षाबंधन पर स्नेहिल रक्षासूत्र बंधवाने एवं बांधने वंचित हो जाएंगे। स्थानीय स्तर पर भी सभी लोकल एवं मेमो की बोगी ठसाठस भीड़ से आती जाती दिखाई दे रही है।

## एक नजर

### खेल हब बनाने के लिए सांसद ने खेलमंत्री को दिया ज्ञापन

**रायपुर, 8 अगस्त।** छग प्रदेश के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में रायपुर के सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने विगत दिनों खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मिलकर 20 करोड़ खेल परियोजना का ज्ञापन सौंपकर रायपुर को खेल हब बनाने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा। ज्ञातव्य है कि छग में विगत वर्षों में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन किया है। युवाओं को ओलंपिक में भाग लेने के उद्देश्य से पारंगत खिलाड़ी बनाने की आवश्यकता के मद्देनजर मांडविया से बृजमोहन ने चर्चा के दौरान उक्त परियोजना तुरंत स्वीकार कर राशि स्वीकृत करने की मांग की।

### आदिम जाति विभाग में प्राचार्य की पोस्टिंग लटकी, 12 को रैली

**रायपुर, 8 अगस्त।** ट्राइबल विभाग में 1335 व्याख्याताओं का प्राचार्य पद पर चयन होने के बावजूद उनकी पोस्टिंग नहीं की जा रही है। पोस्टिंग न होने के कारण स्कूल बिना प्राचार्य के प्रभार में चल रहे हैं। कई जगह तो जूनियरों को प्रभार सौंपा गया है। पोस्टिंग की मांग को लेकर अब शिक्षक सड़क पर उतरेंगे। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के बैनर तले 12 अगस्त को रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### दुकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 8 अगस्त।** बाबूलाल प्लाजा मालवीय रोड स्थित कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनोद मैनानी 20 वर्ष जलविहार कालोनी तेलीबांधा का रहने वाला है। प्रार्थी का मालवीय रोड स्थित बाबूलाल प्लाजा में दुकान है। जिससे अज्ञात चोर ने उसके दुकान का ताला तोड़कर बेल्ट व 31 नग रेनकोट पार कर दिया। चोरी गए सामान की कीमत करीब 8280 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 8 अगस्त।** खरोरा व आरंग पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 74 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने वार्ड 8 तालाब के पास दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी संदीप साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 14 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 190 रुपए जब्त किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आमासिवनी के पास आरोपी संत चेलक 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 60 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 13 को

**रायपुर, 8 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर कला महोत्सव संस्थान द्वारा 13 अगस्त को शाम छह बजे शहीद स्मारक भवन में देशभक्ति पूर्ण गीतों का एवं नृत्यों का आयोजन किया है। संस्था के सचिव ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उक्त आयोजन में कोई भी युवा गीत गायन एवं नृत्य स्पर्धा में भाग ले सकता है।

### नवम अग्र अलंकरण समारोह 28 को

**रायपुर, 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल सभा द्वारा 28 अगस्त को एमएन पैलेस में नवम अग्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह अलंकरण 18 विभिन्न क्षेत्रों में किये गये सामाजिक कार्यों के परिप्रेक्ष्य में प्रदाय किया जाएगा। संस्था के पदाधिकारी अशोक लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अलंकरण आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। एक जून 2024 से 30 जून 2025 के मध्य किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रतिभागियों को 11 हजार रुपये नगद और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

# देवर ने की भाभी की हत्या

## पत्नी से लड़ाई करने के दौरान भाभी के टोकने से भड़का, मारा चाकू, गिरफ्तार



**रायपुर, 8 अगस्त।** रायपुर में देवर ने अपने भाभी के गले में चाकू मार कर हत्या कर दी है। आरोपी अपनी पत्नी से घरेलू बात पर झगड़ा कर रहा था। घर पर मौजूद भाभी ने अपने देवर को झगड़ा करने से मना किया और बीच बचाव किया। इस बात से देवर भड़क गया और उसने अपनी भाभी पर हमला कर दिया। इस मामले में विधानसभा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

विधानसभा थाना प्रभारी से मिली जानकारी के मुताबिक, रिंग रोड नंबर 3 स्थित एसबीआई बैंक के पास रहने वाली संगीता बंजारे (35) पर उसके देवर कामेश्वर बंजारे ने धारदार हथियार से गले पर हमला कर दिया। वारदात गुरुवार शाम 7 बजे करीब की है। आरोपी कामेश्वर बंजारे घरेलू बात पर अपनी पत्नी से झगड़ा कर रहा था। दोनों के बीच झगड़ा बढ़ गया। तो कामेश्वर की भाभी संगीता ने बीच बचाव किया और अपने देवर को झगड़ा करने से मना किया। इस बात से आरोपी भड़क गया। उसने धारदार चाकू से अपनी भाभी के गले पर हमला कर दिया। हमले होते ही संगीता घर के बाहर की तरफ भागी। कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गई। इस बात की खबर संगीता के पति देवेंद्र दास बंजारे को लगते ही वह मौके पर पहुंचा। फिर उसे मोवा के एक निजी अस्पताल ले गए। लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी।

वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने उसे खरोरा इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी कामेश्वर बंजारे को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड में भेजेगी।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों से मिली बड़ी सफलता

# जून-2026 से बंद होगा कुम्हारी टोल प्लाजा



**रायपुर, 8 अगस्त।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के निरंतर प्रयासों का बड़ा परिणाम सामने आया है। केंद्र सरकार ने कुम्हारी टोल प्लाजा को जून 2026 से पूर्ण रूप से बंद करने की स्वीकृति दे दी है। इस संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वयं पत्र लिखकर अग्रवाल को जानकारी दी है।

बृजमोहन अग्रवाल ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला छत्तीसगढ़वासियों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। इससे लोगों का समय, ईंधन और पैसा तीनों की बचत होगी।

**जून 2026 तक पूर्ण होगा औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपासः** श्री अग्रवाल ने बताया कि भारतमाला परियोजना के तहत 92 किलोमीटर लंबे औरंगा-रायपुर-दुर्ग बाईपास का निर्माण कार्य तीव्र गति से चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा किया जाएगा। इसके पूरा होते ही कुम्हारी टोल प्लाजा की उपयोगिता समाप्त हो जाएगी और इसे बंद कर दिया जाएगा। यह नया 6 लेन एक्सेस-नियंत्रित राजमार्ग दुर्ग, रायपुर और आरंग को जोड़ेगा, जिससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि शहरों के बीच यातायात का दबाव भी कम होगा। केंद्र सरकार ने 15 अगस्त 2025 से फास्टैग उपयोगकर्ताओं के लिए वार्षिक पास योजना लागू करने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत 3,000 में 200 यात्राएं (या 1 वर्ष तक) की जा सकेंगी। इससे निजी वाहन मालिकों को प्रति यात्रा मात्र 15 का खर्च पड़ेगा। यह योजना कार, जीप और वैन जैसे गैर-व्यावसायिक वाहनों पर लागू होगी।

### देश का नौंवा बैरियर-रहित टोल प्लाजा बनेगा कुम्हारी

देशभर में फास्टैग-आधारित प्रणाली के अंतर्गत बिना रुके टोल वसूली प्रणाली को लागू किया जा रहा है। देश के आठ टोल प्लाजा पहले से ही इस प्रणाली से जुड़े हैं, और अब कुम्हारी देश का नौंवा टोल प्लाजा बनेगा, जहां मल्टी-लेन फ्री फ्लो प्रणाली लागू की जाएगी। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के विजन को साकार करती है। इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा और सड़कों पर जाम की स्थिति में भी कमी आएगी।

### पॉकेटमारों को मिलती थी सैलरी, देशभर के बाजारों में देते थे वारदात को अंजाम

**रायपुर, 7 अगस्त।** रायपुर पुलिस ने भीड़भाड़ वाले बाजारों में मोबाइल फोन चोरी कर यूपीआई के जरिए बैंक खातों से लाखों रुपए गायब करने वाले अंतर्राजीय गिरोह को गिरफ्तार किया है. यह शातिर आरोपी बड़ी चालाकी से देशभर के बाजारों में घूम-घूमकर मोबाइल चोरी करते थे. इसके लिए उन्हें 25 हजार रुपए महीने दिए जाते थे.

राजधानी में वारदात सामने के बाद पुलिस ने कांवड़ियों की वेशभूषा में हफ्तेभर कैंप कर मास्टरमाइंड सहित सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, 22 जून को तेलीबांधा क्षेत्र में सभी लेने के दौरान बाजार से गोविन्द राम वाधवानी के मोबाइल को अज्ञात ने झपट्टा मारकर चोरी कर लिया. इसके बाद उसने यू.पी.आई. के माध्यम से 02 खातों से कुल 1,85,000 रूपये ट्रांजेक्शन कर लिया. इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी. पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद गैंग का लोकेशन ट्रेस किया गया. इसके बाद उप निरिक्षजन मुकेश सोरी के नेतृत्व में 10 सदस्य टीम को झारखंड और पश्चिम बंगाल भेजा गया. पुलिस ने हफ्तेभर कांवड़ियों के वेशभूषा में कैंप किया और गैंग के मास्टरमाइंड समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

# पशुपालकों को पशुओं को घर में बांधकर रखने निगम अधिकारियों ने दी हिदायत

## नगर निगम ने उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करने कहा



**रायपुर, 8 अगस्त।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 6 कार्यालय में जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी अदिव्य हाजरी की उपस्थिति में जोन 6 के सभी 7 वार्डों के समस्त पशुपालको की बैठक लेकर उन्हें आवारा पशुओं के कारण सड़को पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को गभीरता से लेते हुए माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश के पालन में राज्य शासन और जिला प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देश पर प्रतिदिन की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया। नगर निगम जोन 6 जोन कमिश्नर ने सभी पशु पालको को अपने पशुओ को अपनी गौशालाओं में बांधकर रखने एवं सड़क पर खुले में किसी भी हालत में नहीं छोड़ने की कड़ी हिदायत दी। अन्यथा की स्थिति में विधि अनुरूप कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी सभी पशुपालको को दी है। जोन 6 जोन कमिश्नर ने पशु पालको को नाली में गोबर नहीं बहाए जाने की सख्त हिदायत दी है। यहां उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायलय द्वारा दिए गए आदेश के पालन हेतु राज्य शासन एवं रायपुर जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में विभिन्न सडक मार्गों में काउकेचर वाहन और विशेष टीम की सहायता से सभी 10 जोनो के समस्त वार्डो के विभिन्न प्रमुख स्थानो पर लगातार अभियान चलाकर सडक से पशुओ को घरपकड़ कर गौठान कांजी हाउस भेजा जा रहा है।

# छग में 290 ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित, संख्या बढ़ाने पर जोर



**रायपुर, 8 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी और उपयोगिता को बढ़ावा देने तथा राज्य के विभिन्न स्थानों पर ई-वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना हेतु वाहन निर्माता कंपनियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ में कार्यरत विभिन्न इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने एवं चार्जिंग प्वाइंट की स्थापना से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में करीब 290 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित हैं तथा राज्य में 1 लाख 49 हजार इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाने के लिए पेट्रोल पंपों और इलेक्ट्रिक वाहन विक्रेताओं से चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने में सहयोग देने का आग्रह किया गया है।

# प्रत्येक शनिवार को शासकीय कर्मचारियों को अवकाश देने का अधिकृत आदेश नहीं होने से अधिकारी पशोपेश में

**रायपुर, 8 अगस्त।** महानदी मंत्रालय, इन्द्रावती संचालनलाय एवं विभिन्न जिलों में जिला दण्डाधिकारी कार्यालयों में कार्यरत शासकीय कर्मी शासन द्वारा प्रत्येक शनिवार को अवकाश देने के निर्णय को लेकर पशापेश में हैं। शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में कोई अधिकृत आदेश जारी नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस मुख्यालय में तोड़ मरोड़कर आदेश जारी कर दिया गया है। जिसकों लेकर शासकीय कर्मचारियों में और भी रोष बढ़ गया है।

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा सरकार आते ही सत्ता में पिछली भूपेश सरकार के कई आदेशों को पलट दिया गया, भूपेश सरकार में प्रत्येक शनिवार को भी शासकीय अवकाश दिया जाता था, लेकिन विष्णु देव सरकार ने पिछले सरकार के क ई आदेशों को पलट दिया है। नेताओं का कहना है कि प्रति शनिवार को अवकाश देने से कोई मतलब नहीं है। द्वितीय तथा तृतीय शनिवार को ऐसे भी अवकाश रहता है। इसलिए अलग शनिवार को छुट्टी देने की आवश्यकता नहीं है।



### सामान्य प्रशासन से नहीं निकला आदेश

मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में कोई आदेश नहीं निकाला गया है, अधिकारियों के अनुसार पुलिस मुख्यालय में ही यह आदेश निकला है, लेकिन इसे तोड़ मरोड़कर जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जब आदेश जारी किया जाएगा, तभी इसे सत्य माना जाएगा। लेकिन अभी तक कोई अधिकृत आदेश जारी नहीं हुआ है।

# आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों का टोटा, पढ़ाई प्रभावित

**रायपुर, 8 अगस्त।** शिक्षा संचालनालय के आदेश में स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए शीघ्र ही संविदा शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। राज्य में हजारों की संख्या में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल दिए गए है। यहां पर प्राचार्य व्याख्याताओं के नहीं होने के कारण इस स्कूल के भविष्य पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। राजधानी में सरोना, महोबा बाजार, शहीद स्मारक फाफाडीह, आरडी तिवारी आमापारा, डीपी पूजारी राजातालाब तथा लालपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षकों का टोटा बना हुआ है। इससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर द्वारा संविदा पदों की भर्ती, दावा आपत्ति, निराकरण पश्चात दस्तावेज सत्यापन के लिए अंतिम प्रवीण्य सूची तैयार की जाएगी। ज्ञात रहे राजधानी में इस समय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। राजधानी में आर डी तिवारी, वीपी पूजारी तथा सरोना, राजातालाब, लालपुर, मोवा में इन स्कूलों का संचालन हो रहा है। यहां पर मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों को पढ़ाया जाता है लेकिन इस स्कूल को डीएम फंड से संचालित किया जाता है, जिसके कारण इन स्कूलों का भविष्य अधड़ में लटक गया है।



**22** शालाओं में 73 शिक्षकों की भर्ती के लिए संविदा नियुक्ति की जाएगी

**11** व 12 अगस्त को शहीद स्मारक शाला भवन फाफाडीह में होगा दस्तावेज सत्यापन

### 27 स्वामी आत्मानंद स्कूल में 73 शिक्षकों की शीघ्र होगी भर्ती

रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में 27 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हैं। इनमें 71 संविदा भर्ती के आवेदकों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शिक्षा अधिकारी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यहां कुल 27 विद्यालयों में 71 पदों की संविदा भर्ती के लिए अंतिम पदभार और दस्तावेज सत्यापन 11-12 अगस्त को स्वामी आत्मानंद शहीद स्मारक स्कूल में सत्यापन किया जाएगा। सरोना स्थित विद्यालयों में गणित के एक पद, सेजेस शाला लालपुर में गणित का एक पद, अभनपुर में अंग्रेजी का एक पद अपिहार्य कारणों से विलोपित कर दिया गया है। इन शालाओं में सविंदा भर्ती 73 पदों की जाएगी। इसमें संविदा भर्ती के समस्त नियम लागू होंगे। इसकी जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। जिला शिक्षा अधिकारी के संविदा भर्ती चयन प्रक्रिया की कंडिका के अनुसार केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकेंगे। एक से अधिक पदों पर दस्तावेजों के न होने पर केवल एक ही पद के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र माना जाएगा।

**नशे का जाल** | छत्तीसगढ़ में पाकिस्तानी ड्रग की तस्करी मामला, 11 अगस्त तक बढ़ी मुख्य आरोपी की रिमांड

# अब आईबी और नारकोटिक्स विभाग जुटा जांच में

**रायपुर, 8 अगस्त।** पाकिस्तान से छत्तीसगढ़ लाकर ड्रग्स बेचने वाले मामले में अब सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) और नारकोटिक्स विभाग ने भी जांच शुरू कर दी है. दोनों एजेंसियों के अफसरों ने गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ शुरू कर दी की है. साथ ही कोर्ट ने मुख्य आरोपी लवजीत सिंह, सुवित श्रीवास्तव और सैफ चीला की रिमांड अवधि बढ़ाकर 11 अगस्त तक कर दी है।

बता दें, रायपुर पुलिस ने 4 अगस्त को एक बड़े अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था. पुलिस ने टिकरापारा थाना क्षेत्र में स्थित कमल विहार के एक मकान में दबिश देकर पाकिस्तान से तस्करी कर लाई गई 1 करोड़ रुपये मूल्य की 412 ग्राम हेरोइन बरामद की थी और पंजाब के कुख्यात ड्रग सप्लायर लवजीत सिंह उर्फ बंटी सहित कुल 9 तस्करों को गिरफ्तार किया था.। जांच में यह बात भी सामने आई कि आरोपी विदेशी मोबाइल नंबरों से इंटरनेट कॉलिंग, वीडियो व लोकेशन शेयरिंग जैसे हाईटेक तरीकों से ग्राहकों को हेरोइन पहुंचाते थे. पैसों के लेन-देन के लिए म्यूल अकाउंट्स का इस्तेमाल किया जा रहा था, जिससे जांच एजेंसियों को चकमा दिया जा सके।

3 अगस्त को पुलिस की स्पेशल टीम ने कमल विहार सेक्टर-4 स्थित एक मकान पर छापा मारा, जहां से लवजीत सिंह, सुवित श्रीवास्तव और अश्वन चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में इन तीनों ने पूरे नेटवर्क का खुलासा किया, जिसके बाद अन्य 6 आरोपियों को अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया।



### क्या है पूरा मामला?

पुलिस को इनपुट मिला था कि पाकिस्तान से हेरोइन की सप्लाई पंजाब के रास्ते रायपुर तक की जा रही है. इस सूचना को गंभीरता से लेते हुए रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई. क्राइम ब्रांच एएसपी संदीप मित्तल की अगुवाई में टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया. जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी लवजीत सिंह पाकिस्तान से सीधे हेरोइन मंगवाकर भारत में नेटवर्क के ज़रिए डिस्ट्रीब्यूट करता था.

### आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया मामला

पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से 412.87 ग्राम हेरोइन (कीमत लगभग 1 करोड़), कई मोबाइल फोन, क्रेटा कार (CG 04 QH 7491), तौल मशीन, हेरोइन पीने में उपयोगी सामग्री, एटीएम कार्ड, चेकबुक समेत कई सबूत जब्त किए गए हैं. आरोपियों के खिलाफ थाना टिकरापारा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी), 29 के तहत अपराध दर्ज किया गया है. प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये के लेन-देन और अंतरराष्ट्रीय लिंक सामने आए हैं, जिनके आधार पर आगे की गिरफ्तारी और जांच जारी है. पुलिस ने बताया कि लवजीत सिंह द्वारा पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाने की पुष्टि हुई है और वह वर्चुअल इंटरनेशनल नंबरों का उपयोग करता था. नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है और आगे जल्द ही अधिक गिरफ्तारी संभव है. इस बड़ी सफलता पर पुलिस महानिदेशक ने रायपुर रेंज के आईजी और पूरी टीम को बधाई दी है और टीम को पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है.

# मजदूर की मौत पर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना ने किया थाने का घेराव

## कंपनी प्रबंधन के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी की कर रहे हैं मांग



**रायपुर, 8 अगस्त।** राजधानी रायपुर के उरला इलाके में मजदूर की हत्या के बाद छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने आज उरला थाने का घेराव कर दिया. सेना के कार्यकर्ता कंपनी प्रबंधन के साथ मामले में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं.

जानकरी के मुताबिक, 5 अगस्त की शाम नव दुर्गा इस्पात के गेट के सामने कुछ बदमाश युवकों ने किरत साहू नाम के मजदूर की लाठी, डंडे और राड से बेदम पिटाई कर दी थी, जिसकी उपचार के दौरान आज मृत्यु हो गई. इस घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के समर्थकों ने फैक्ट्री और थाना का घेराव कर दिया. छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही से मजदूर की मृत्यु हुई है. जिसके कारण मजदूर के परिवार को उचित मुआवजा मिलना चाहिए. उरला थाना पुलिस के मुताबिक, कीरत साहू की मौत के मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया है. जिन्हें समझाइश दी गई है. पूरे प्रकरण की जांच जारी है.

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26